वर्ष 23, अंक 215, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 31 अगस्त 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## असम में 2 घंटे के जुमा ब्रेक पर रोक, सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने खुद ट्वीट कर दी जानकारी



**असम**

**असम** की विधान सभा ने गुरुवार को मुस्लिम विवाह और तलाक के पंजीकरण के लिए 1935 अधिनियम को रद्द कर दिया और इसके स्थान पर एक नया अधिनियम पारित किया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य अगली बार बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लाएगा। असम विधानसभा ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले की जानकारी खुद हिमंत बिस्वा सरमा ने दी है। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी।

इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार।

## देश और दुनिया से यहां आए सभी मेहमानों का, अभिनंदन करता हूं

# मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ





**मुंबई**

**ये भारत** में त्योहारों का मौसम है, अभी-अभी जन्माष्टमी हमने मनाई हैं। और खुशी देखिए हमारी इकोनॉमी और हमारे मार्केट में भी उत्सव का माहौल है। इस फेस्टिव मूड में, ये ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल हो रहा है। और वो भी सपनों की नगरी मुंबई में। मैं देश और दुनिया से यहां आए सभी मेहमानों का, अभिनंदन करता हूं, स्वागत करता हूं। यहां से आने से पहले मैं अलग-अलग एक्जीबीशन्स देखकर के आया हूं, काफी साथियों से गप्पे लगाकर करके आया हूं। हमारे नौजवानों के इनोवेशन का और फ्यूचर की संभावनाओं का एक पूरा नया संसार वहां दिखाई दे रहा है। चलिए आपके काम के लिए मैं शब्द बदलता हूं, एक पूरी नई दुनिया दिखाई दे रही है। मैं इस फेस्टिवल के आयोजकों को, सबको बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

यहां बड़ी संख्या में विदेशों से हमारे मेहमान भी आए हैं। एक समय था, जब लोग भारत आते थे, तो हमारी Cultural Diversity देखकर दंग रह जाते थे, हैरान हो जाते थे। अब लोग भारत आते हैं, तो हमारी Fintech Diversity को देखकर भी हैरान होते हैं। एयरपोर्ट पर land करने से लेकर street food और shopping experi-ence तक, भारत की फिनटेक क्रांति चारों तरफ दिखती है। पिछले 10 साल में फिनटेक स्पेस में 31 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हुआ है। 10 साल में हमारे फिनटेक स्टार्टअप्स में 500 परसेंट वृद्धि हुई है। सस्ते मोबाइल फोन, सस्ते डेटा और जीरो बैलेंस जनधन बैंक खातों ने भारत में कमाल कर दिया है। आपको याद होगा, कुछ लोग पहले पूछते थे, पार्लियामेंट में खड़े होकर के पूछते थे और अपने आप को बहुत विद्वान मानने वाले लोग पूछते थे। सरस्वती जब बुद्धि बाँट रही थी तो वो रास्ते में पहले ही खड़े थे। और क्या कहते थे?, वो पूछते थे कि भारत में बैंक, इतनी ब्रांचेस नहीं हैं, गांव-गांव बैंक available नहीं है। इंटरनेट नहीं है, यहां तक पूछ लेते थे- बिजली भी तो नहीं है, recharging कहाँ होगा, फिनटेक क्रांति कैसे होगी? ये पूछा जाता था और मुझ जैसे चाय वाले को पूछा जाता था। लेकिन आज देखिए एक दशक में ही भारत में ब्रॉडबैंड यूजर- 60 मिलियन यानि 6 करोड़ से बढ़कर 940 मिलियन यानि करीब 94 करोड़ हो गए हैं।

आज 18 वर्ष से ऊपर का शायद ही कोई भारतीय हो, जिसके पास उसकी डिजिटल आइडेन्टिटी, आधार कार्ड नहीं है। आज 530 मिलियन यानि 53 करोड़ से अधिक लोगों के पास जनधन बैंक खाते हो गए हैं। यानि 10 साल में हमने एक प्रकार से पूरी यूरोपियन यूनियन के बराबर आबादी को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा है।

## जयशंकर का 'विस्फोटक' बयान

## बिना रुकावट बातचीत का युग खत्म



**नई दिल्लीः**

**राष्ट्रीय** राजधानी में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए, जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद के स्पष्ट संदर्भ में इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध इस बात से तय होंगे कि घटनाएं कैसे घटित होती हैं।

पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को पड़ोसी देश के साथ "निर्बाध बातचीत के युग" की समाप्ति की घोषणा की, और कहा कि कार्यों के परिणाम होते हैं। राष्ट्रीय राजधानी में एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए, जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद के स्पष्ट संदर्भ में इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध इस बात से तय होंगे कि घटनाएं कैसे घटित होती हैं।

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग खत्म हो गया है।" उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का संदर्भ देते हुए कहा कि जहां तक ?? जम्मू-कश्मीर (जम्मू-कश्मीर) का सवाल है, अनुच्छेद 370 खत्म हो गया है। जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि अब ध्यान पाकिस्तान के साथ भविष्य के संबंधों की प्रकृति निर्धारित करने पर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत किसी भी घटनाक्रम के सामने निष्क्रिय नहीं रहेगा, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। मैं जो कहना चाहता हूं वह यह है कि हम निष्क्रिय नहीं हैं, और चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक दिशा लेती हों, हम किसी भी तरह से प्रतिक्रिया देंगे।

## जमात-ए-इस्लामी के पक्ष में खड़ीं हुई मबबूबा मुफ्ती

**जम्मू-कश्मीर**

**पूर्व** सीएम ने कहा कि अगर जमात-ए-इस्लामी चुनाव लड़ना चाहती है तो यह अच्छी बात है। सरकार को प्रतिबंध हटाना चाहिए, उनकी सभी संस्थाएं, संपत्तियां जो आपने फ्रीज की हैं, जब्त की हैं, उन्हें डी-फ्रोजन किया जाना चाहिए, उन्हें वापस किया जाना चाहिए।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि यह नेशनल कॉन्फ्रेंस ही थी जिसने जमात-ए-इस्लामी के लिए चुनाव को हराम बना दिया था।

## एकनाथ शिंदे के मंत्री का विवादित बयान

### अजित पवार के बगल में बैठता हूं तो आती है उल्टी, NCP का पलटवार



**मुंबई**

**शिवसेना** नेता तानाजी सावंत ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने कहा कि वह जीवन भर राकांपा से कभी सहमत नहीं हुए। उन्होंने एनसीपी के साथ अपने रिश्ते की तुलना उनकी गोद में बैठने लेकिन उठते ही उल्टी महसूस होने से की।

एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक नेता ने कहा कि उनकी पार्टी की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से निकटता के कारण उन्हें उल्टियां होने लगीं और उन्होंने इसे एलर्जी प्रतिक्रिया बताया। शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने कहा कि वह जीवन भर राकांपा से कभी सहमत नहीं हुए। उन्होंने एनसीपी के साथ अपने रिश्ते की तुलना "उनकी गोद में बैठने लेकिन उठते ही उल्टी महसूस होने" से की।

एक कार्यक्रम में बोलते हुए, तानाजी सावंत ने कहा था, "मैं शिवसैनिक हूं। यह सच है कि अपने जीवन में हमारी कभी भी कांग्रेस या राकांपा से नहीं बनी। यह एक एलर्जी प्रतिक्रिया की तरह है, जहां मात्र उपस्थिति ही असुविधा और मतली का कारण बनती है। विचारधाराएं बिल्कुल अलग हैं, इसलिए उनसे सहमत होना संभव नहीं है।" उन्होंने आगे कहा, "यहां तक ? कि जब मैं कैबिनेट में एनसीपी प्रमुख अजीत पवार के साथ बैठता हूं, तो जैसे ही मैं बाहर निकलता हूं।

## दोस्त के मर्डर के बाद कर दी चूक, खुद भी तड़प-तड़पकर मर गया

**मुंबईः प्रॉपर्टी** पर कब्जा, फिर ब्लैकमेल और सुपारी किलिंग। मुंबई में बिजनेस पार्टनर रहे दो प्रॉपर्टी डीलरों की मौत की कहानी पुलिस के लिए मिस्ट्री बन गई। दोनों एक ही दिन 21 अगस्त से लापता थे। एक की लाश बर्ड सैंक्चुरी में मिली तो दूसरी का शव पेन-खोपोली रोड पर सड़क किनारे मिला। दोनों दोस्तों को किसने मारा? इस केस की जांच के दौरान पुलिस के हत्थे एक सुपारी किलर चढ़ा। जब कड़ियों को जोड़ते हुए इस केस का खुलासा हुआ तो पुलिस भी हैरान रह गई। पता चला कि एक ने अपने बिजनेस पार्टनर की हत्या के लिए 50 लाख की सुपारी दी थी। वारदात के बाद सुपारी देने वाले प्रॉपर्टी डीलर ने क्राइम सीन क्रिएट करने के लिए अपने पैर में गोली मारी और उसे अपनी करनी का फल कुछ देर में ही मिल गया। कुछ देर में ही उसकी भी जान चली गई। पुलिस के मुताबिक, यह केस पहली बार जब उनके सामने उस समय सामने आया, जब प्रॉपर्टी डीलर आमिर खानजादा और सुमित जैन की गुमशुदगी की जानकारी मिली।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए के मुद्दे पर खटट के गढ़ को भेदने की कोशिश

**साहेबगंजः झारखंड** में बरहेट विधानसभा क्षेत्र हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार है। संताल हुल के महानायक सिदो-कान्हू फूलों झानो की पावन भूमि बरहेट विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी और मुस्लिम मतदाता विभिन्न चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। भाजपा आदिवासी हितों की रक्षा और बांग्लादेशी घुसपैठिए के मुद्दे को लेकर भाजपा इस क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने की जुगत में है। बीजेपी लगातार झामुमो के इस मजबूत दुर्ग को भेदने का प्रयास कर रही है ।

### गर्ल्स हॉस्टल के बॉथरूम में हिडन कैमरे, सैकड़ों वीडियो बेचे गए...

## आंध्र के गुड़िवाड़ा में हैरान करने वाली वारदात



**नई दिल्लीः आंध्र** प्रदेश के गुडिवाड़ा के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के हॉस्टल के वॉशरूम में कैमरे मिलने से हंगामा मच गया। आधी रात को छात्राओं ने कॉलेज में जमकर प्रदर्शन किया। छात्राओं का आरोप है कि एक फाइनल ईयर का छात्र विजय, बाथरूम में लगे कैमरों से वीडियो बनाकर बेच रहा था। गुडिवाड़ा के इस प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक के आखिरी साल में पढ़ने वाले एक छात्र पर आरोप है कि वह हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे लगाकर वीडियो बनाता था। वह इन वीडियोज को बेचने का काम भी करता था। बताया जा रहा है कि इस काम में उसकी मदद एक और छात्र कर रहा था।

आधी रात कॉलेज कैंपस में जोरदार प्रदर्शन

छात्राओं को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने कॉलेज परिसर में ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात को मोबाइल फोन की लाइट जलाकर 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगा रही थीं। सूत्रों के मुताबिक, विजय नाम का एक छात्र कैमरों से वीडियो बनाकर बेचता था। गुस्साए छात्रों ने उस पर हमला भी करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। आरोपी के लैपटॉप से मिले 300 से ज्यादा वीडियोज

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी इसी कॉलेज का छात्र था। पुलिस ने उसके पास से एक लैपटॉप भी बरामद किया है।

## गायब होते लोग, शवों के सैकड़ों टुकड़ें, बलूच नागरिकों के नरसंहार के ना'पाक' साजिश की सच्चाई क्या है?



**बलूचिस्तान**

**बलूच** कार्यकर्ता महरंग बलूच ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों से बरामद किए गए जबरन गायब पीड़ितों के क्षत-विक्षत शवों पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे हैरान करने वाला बताया है। उन्होंने आगे दावा किया कि पाकिस्तानी की तरफ से लोगों को जबरन गायब कर दिया जाता है।

बहुत पहले पाकिस्तान के क्राँतिकारी और व्यवस्था विरोधी कवि हबीब जालिब ने लिखा था...

मुझे जंगे - आजादी का मजा मालूम है,

बलोचों पर जुल्म की इंतेहा मालूम है,

मुझे ज़िंदगी भर पाकिस्तान में जीने की दुआ मत दो,

मुझे पाकिस्तान में इन साठ साल जीने की सजा मालूम है

1947 के बाद से आज तक पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान को सबसे तवानग्रस्त इलाका माना जाता है।

## ममता बनर्जी ने फिर लिखी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी



**पश्चिम बंगाल**

**पत्र** में बनर्जी ने यह भी उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा 10 विशिष्ट POCSO अदालतों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, 88 एफटीएससी और 62 पोक्सो नामित अदालतें पूरे राज्य में पूर्ण राज्य वित्त पोषण पर काम कर रही हैं, मामलों की निगरानी और निपटान पूरी तरह से अदालतों के हाथों में है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि उन्होंने पहले भी बलात्कार के मामलों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और अपराधियों के लिए अनुकरणीय सजा का अनुरोध किया था, लेकिन उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पत्र में बनर्जी ने यह भी उल्लेख किया है कि राज्य सरकार द्वारा 10 विशिष्ट ढडउरड अदालतों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, 88 एफटीएससी और 62 पोक्सो नामित अदालतें पूरे राज्य में पूर्ण राज्य वित्त पोषण पर काम कर रही हैं, मामलों की निगरानी और निपटान पूरी तरह से अदालतों के हाथों में है।

अपने नवीनतम पत्र में, जिसकी एक प्रति उन्होंने अपने एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट की थी, बनर्जी ने केंद्र सरकार से देश में यौन हिंसा के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए कड़े कानून लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर आपकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। हालाँकि, भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री से एक उत्तर प्राप्त हुआ है, जो मेरे पत्र में उठाए गए मुद्दे की गंभीरता पर ध्यान नहीं देता है।

## योगी के 'लाल टोपी काले कारनामे' वाले बयान पर अखिलेश का पलटवार



**लखनऊ। समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के लाल टोपी काले कारनामे के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं। लाल रंगह्ल मिलन का प्रतीक भी बताया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी के सपा की लाल टोपी, लेकिन कारनामे काले हैं बयान पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर काले और लाल रंग की विधिवत व्याख्या की है।

उन्होंने लिखा कि जनता की संसद का प्रश्नकाल प्रश्न लाल और काले रंग को देखकर भड़कने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? दो-दो बिंदुओं में अंकित करें। उत्तर -रंगों का मन-मानस और मनोविज्ञान से गहरा नाता होता है यदि कोई रंग किसी को विशेष रूप से प्रिय लगता है तो इसके विशेष मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं और यदि किसी रंग को देखकर कोई भड़कता है तो उसके भी कुछ नकारात्मक मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं। प्रश्नगत ह्यलालह्ल और ह्यकालेह्ल रंग के संदर्भ में क्रमवार, इसके कारण निम्नवत हो सकते हैंः ह्यलाल रंगह्ल मिलन का प्रतीक होता है। जिनके जीवन में प्रेम-मिलन, मेल-मिलाप का अभाव होता है वो अक्सर इस रंग के प्रति दुर्भावना रखते हैं। उन्होंने लिखा कि लाल रंग शक्ति का धारणीय रंग है, इसीलिए कई पूजनीय शक्तियों से इस रंग का सकारात्मक संबंध है लेकिन जिन्हें अपनी शक्ति ही सबसे बड़ी लगती है वो लाल रंग को चुनौती मानते हैं।

इसी संदर्भ में ये मनोवैज्ञानिक-मिथक भी प्रचलित हो चला कि इसी कारण शक्तिशाली सांड भी लाल रंग देखकर भड़कता है। सपा प्रमुख ने कहा कि काला रंगह्ल भारतीय संदर्भों में विशेष रूप से सकारात्मक है जैसे बुरी नजर से बचाने के लिए घर-परिवार के बच्चों को लगाया जानेवाला ह्यकालाह्ल टीका और सुहाग के प्रतीक मंगलसूत्र में काले मोतियों का प्रयोग। जिनके जीवन में ममत्व या सौभाग्य तत्व का अभाव होता है, मनोवैज्ञानिक रूप से वो काले रंग के प्रति दुर्भावना पाल लेते हैं। उन्होंने आगे लिखा कि पश्चिम में काला रंग ह्यनकारात्मक शक्तियों और राजनीति का प्रतीक रहा जैसे तानाशाही फासीवादियों की काली टोपी।

मानवता और सहृदयता विरोधी फासीवादी विचारधारा जब अन्य देशों में पहुँची तो उसके सिर पर भी काली टोपी ही रही। नकारात्मकता और निराशा का रंग भी काला ही माना गया है अतः जिनकी राजनीतिक सोच ह्यडरह्ल और ह्यअविश्वासह्ल जैसे काले-विचारों से फलती-फूलती है, वो इसे सिर पर लिए घूमते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा कि सच तो ये है कि हर रंग प्रकृति से ही प्राप्त होता है और सकारात्मक लोग किसी भी रंग को नकारात्मक नहीं मानते हैं। रंगों के प्रति सकारात्मक विविधता की जगह; जो लोग नकारात्मक विघटन-विभाजन की दृष्टि रखते हैं।

# हम सभी के जीवन में खेलकूद प्रतियोगिता की भूमिका है अहम : कमलेश सोनी

### मेजा ऊर्जा निगम में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया 2024 का राष्ट्रीय खेल दिवस

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (प्रा) लिमिटेड में राष्ट्रीय खेल दिवस-2024 बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी क्लब के नेतृत्व में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारीगण, बच्चों एवं परिवार जन द्वारा बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी के जीवन में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना एवं उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना हैं।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं निगम के सीईओ कमलेश सोनी ने राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ सभी उपस्थित जनों के साथ ग्रहण कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल कूद की हम सभी के जीवन शैली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है और हम सभी को नियमित रूप से खेल-कूद अथवा व्यायाम कर स्वयं को स्वस्थ रखना चाहिए। मेजा ऊर्जा निगम स्वास्थ्य और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास करता हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में सेंट जोसेफ स्कूल द्वारा भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल कूद गतिविधियाँ जैसी खो-खो, फुटबॉल और वॉलीबॉल आदि आयोजित की गई। उक्त



गतिविधियों में विभिन्न आयु वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया गया एवं खेल कौशल का परिचय दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी अजित बसाक, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), प्रदीप कुमार साबत, महाप्रबंधक (सीएंडएम), विवेक चंद्र, मानव संसाधन प्रमुख, खेल परिषद के सदस्य, कर्मचारीगण, उनके परिवार जन एवं बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि मेजा ऊर्जा निगम में राष्ट्रीय खेल दिवस शनिवार तक विभिन्न प्रकार के खेल कूद संबंधित कार्यक्रम आयोजन प्रस्तावित हैं।

# सराफा की दुकान में डकैती के विरोध में पुतला दहन

### सोनार समाज के लोगों ने की तत्काल खुलासे की मांग, लुटेरों के घर बुलडोजर चलाने की मांग

**शंकरगढ़।** सुल्तानपुर जिले में बीते दिनों सराफा की दुकान में हुई डकैती को लेकर सराफा कारोबारियों में भय का माहौल है। शुक्रवार को सोनार समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी की अगुवाई में पुतला दहन कर डकैतों की तत्काल गिरफ्तारी और बुलडोजर चलाने की मांग की। सोनार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने ने पुलिस महानिदेशक से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी की मांग उठाई। सोनार समाज के प्रदेशस्तरीय सम्मेलन की सफलता को यमुनापार के शंकरगढ़ पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने सराफा कारोबारियों से मुलाकात की और उनका दुख-दर्द जाना। इसके पश्चात सोनार समाज विकास एसोसिएशन शंकरगढ़ के सैकड़ों पदाधिकारियों ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी भरत सोनी की दुकान में सरेआम हुई डकैती पर विरोध प्रकट किया। अभी तक गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी न होने को लेकर रोष व्यक्त किया और डकैतों का पुतला दहन कर तत्काल



गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी की मांग की। सोनार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सोनी ने सुल्तानपुर में सराफा व्यापारी के यहां दिन-दहाड़े हुई डकैती की घटना की निंदा करते हुए सराफा समाज के भाइयों से एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग उठाई कि डकैतों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाए। इस मौके पर सोनार समाज जिला प्रभारी सोमनाथ वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मसुरिया दीन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सोनी, शंकरगढ़ प्रभारी बच्चा सेठ, जीतेंद्र सोनी, मुकेश सोनी, बच्चा सोनी, दिलीप सोनी, रामलोटन वर्मा, वीरेंद्र सोनी, अवधेश सोनी, बिरजू सोनी, मैकू सोनी, अनिल सोनी, धीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजली कर्मचारी बने बोझ, पांच घंटे भी नहीं मिल पा रही बिजली

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** उपकेंद्र और विभिन्न फीडर में तकनीकी गड़बड़ी के एक घंटे भी बिजली नहीं मिल पायी, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। पेयजल समूहों से बिजली न होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी नहीं हुई। मांडा रोड विद्युत उपकेंद्र में व्याप्त तकनीकी गड़बड़ी के कारण बुधवार सायं से पूरी रात बिजली गायब रही। गुरुवार सुबह नौ बजे आधे घंटे के लिए बिजली आयी, लेकिन उसके बाद पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगी रही। गुरुवार दोपहर भी कुल मिलाकर दो घंटे ही किश्तों में बिजली मिल पायी। अगला मांडा रोड उपकेंद्र पर बुधवार रात संविदा कर्मी को छोड़क कोई भी जिम्मेदार अधिकारी जेई या एसडीओ न होने के कारण लोगों को उमसभरी बरसात की गर्मी बिना बिजली गुजारनी पड़ी। बिजली के अभाव में मांडा खास प्रथम, मांडा खास द्वितीय और राजापुर पेयजल समूह से पेयजल की आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा हैं ' जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए है बिजली उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। उपकेंद्र और विभिन्न फीडर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण उपभोक्ताओं को एक घंटे भी बिजली नहीं मिल पायी, जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। पेयजल समूहों से बिजली न होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी नहीं हुई। मांडा रोड विद्युत उपकेंद्र में व्याप्त तकनीकी गड़बड़ी के कारण बुधवार सायं से पूरी रात बिजली गायब रही। गुरुवार सुबह नौ बजे आधे घंटे के लिए बिजली आयी, लेकिन उसके बाद पूरे दिन बिजली की आवाजाही लगी रही। गुरुवार दोपहर भी कुल मिलाकर दो घंटे ही किश्तों में बिजली मिल पायी। अगला मांडा रोड उपकेंद्र पर बुधवार रात संविदा कर्मी को छोड़क कोई भी जिम्मेदार अधिकारी जेई या एसडीओ न होने के कारण लोगों को उमसभरी बरसात की गर्मी बिना बिजली गुजारनी पड़ी। बिजली के अभाव में मांडा खास प्रथम, मांडा खास द्वितीय और राजापुर पेयजल समूह से पेयजल की आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ी।

### युवक रोजगार के चक्कर में पेंसिल पैकिंग के नाम पर हुआ ठगी का शिकार

**मांडा।** थाना क्षेत्र के महेवा कला गांव निवासी रविशंकर निषाद के साथ ठगी का मामला सामने आया है। उन्हें फोन आया और पेंसिल पैकिंग का काम देने के नाम पर ठगी की गई। ठगों ने पहले रजिस्ट्रेशन के नाम पर 700 रुपये लिए, और फिर कच्चा माल उपलब्ध कराने के नाम पर 12 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित रविशंकर निषाद ने पुलिस से शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि ठगों ने उन्हें झूठे आश्वासन देकर उनके साथ ठगी की। उन्होंने कहा कि ठगों ने उन्हें पेंसिल पैकिंग का काम देने के लिए कहा और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 700 रुपये लिए। इसके बाद उन्होंने कच्चा माल उपलब्ध कराने के नाम पर 12 हजार रुपये ले लिए।इसी तरह विगत दिनों रोजगार देने के नाम भरथीपुर गांव की एक महिला भी ठगी का शिकार हुई थी। रविशंकर निषाद ने बताया कि ठगों ने उन्हें झूठे आश्वासन देकर उनके साथ ठगी की। उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक कोई काम नहीं दिया गया है और न ही उनके पैसे वापस किए गए हैं।

# तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विजई टीम को किया गया पुरस्कृत

**सहसों।** जनता इण्टर कालेज रुदापुर देवनहरी में खेल दिवस पर तहसील स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सचिन शुक्ला ने फीता काट कर किया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे प्रतियोगियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक ने कहा मानव जीवन में छात्र छात्राओं एवं युवाओं पर खेल की उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है जिससे प्रतिभा में एक नया निखार उत्पन्न होता है। उन्होंने खेल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। प्रतियोगिता में तहसील स्तर की सब जूनियर की आठ टीमें व जूनियर की अठारह टीमों ने हिस्सा लिया तथा सीनियर ग्रुप में कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए। जूनियर वर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवा जी इंटर



कालेज सहसों ने श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी को पछाड़ते हुए खिताब पर कब्जा किया। वहीं सब जूनियर वर्ग में तिलक इंटर कॉलेज कोटवां ने खिताब अपने नाम किया। इसी तरह सीनियर वर्ग में तिलक इंटर कालेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए बाला प्रसाद कुशवाहा इंटर कॉलेज बलरामपुर बरेठी की टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी हांसिल किया। सीनियर बालक वर्ग कबड्डी विजेता तिलक इण्टर कालेज कोटवां एवं सब जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी विजेता भी तिलक इण्टर कालेज की टीम रही। प्रतियोगिता के समापन पर क्रीडाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह की मौजूदगी में विजेता हुई टीमों को प्रबंधक सचिन शुक्ला व प्रधानाचार्य अनिल चौधरी ने विजेता व उपविजेता को उचित पुरस्कार एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राम सुमेर यादव, दयाशंकर शर्मा, बृजेश पटेल, संजय तिवारी, राम आधार मौर्य आदि ने मौजूदा रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

## न्यूज झरोखा

### सांसद उज्ज्वल रमण ने पूर्व सभासद के भाई के निधन पर जताया दुःख



**मांडा।** सांसद प्रयागराज उज्ज्वल रमण सिंह ने भारतगंज के पूर्व सभासद गुलाम साबिर उर्फ चमन राइन के भाई गुलशन राइन के निधन पर गहरा दुःख जताया है। उन्होंने शुक्रवार को भारतगंज कस्बा स्थित आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और दुःख सहन करने का ढांढस बंधाया। सांसद उज्ज्वल रमण ने कहा कि गुलशन राइन का निधन एक अपूरणीय क्षति है, जिससे पूरा परिवार मर्माहत है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में ही दो भाइयों के दुखद निधन होने से चमन राइन का परिवार गहरे दुःख में है, लेकिन हमें ईश्वर पर भरोसा रखना चाहिए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गुलशन राइन एक सज्जन और मिलनसार व्यक्ति थे, जिनकी मृत्यु से पूरे समाज में शोक की लहर है। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि वे इस दुखद घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। इस मौके पर वेद प्रकाश ऊर्फ डब्लू सिंह, मौनुद्दीन अंसारी, दिलावर सिंह, तौफीक कुरैशी, अब्दुलहक अंसारी, शांतिभूषण द्विवेदी, तौफीक राइन, शाहिद राइन, सकलैन अफसर, सद्दाम, जाहिद आदि मौजूद रहे।

### सांसद को प्रार्थना पत्र देकर ऊँटी प्रधान ने पुल निर्माण का किया मांग



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत ऊँटी के किसानों के साथ ग्रामीणों को लम्बी दूरी तय कर गांव के मुख्य सड़क से सफर करना पड़ता हैं ' गांव की उक्त समस्याओ को गंभीरत पूर्वक लेते हुए शुक्रवार को ग्राम प्रधान कैलाश नाथ सिंह यादव ने प्रयागराज सांसद मा. उज्जवल रमण सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कर्णावती नदी को पार कर किसानों व गांव के लोगों को आने जाने के लिए एक पुल निर्माण करवाने की मांग किया है ' जिससे लोग लम्बी दूरी तय करने के बजाय कम समय में दूरी तय कर अपने घरों तक आसानी से पहुंच सके '

### ब्लाक प्रमुख करछना के चाचा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि



**करछना** ब्लॉक प्रमुख करछना सरोज, कमलेश द्विवेदी के चाचा देवरी कलां गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी रहे बलराम द्विवेदी 85 वर्ष का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया था। शुक्रवार को उनके पैतृक गांव में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। जिसमें उनके छायाचित पर लोगों की ओर से पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। और आपस में दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। लोगों की ओर से कहा गया कि बलराम द्विवेदी एक समाजसेवी के रूप में चर्चित रहे। और हमेशा न्याय के पक्षधर रहे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश द्विवेदी, मिथिलेश द्विवेदी, रईस शुक्ल, बृजेशानंद जी महाराज, बाबा तिवारी ,राजेश्वर पांडेय, भूपेंद्र शर्मा, अशोक कुमार मिश्र, विजय शर्मा ,अशोक राय ,महेंद्र प्रसाद मिश्र,बालमुकुंद तिवारी, मलखान यादव , बबलू बनकटा , प्रदीप पाठक, निखिल तिवारी, प्रदीप मिश्र, संजय गुप्ता , शिवम मिश्र सहित ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य लोग मौजूद रहे।

### हादसे को दावत दे रहा सड़क पर बना गड्ढा



**कौंधियारा।** कौंधियारा के अकोढ़ा रजबहा नहर की सड़क का निर्माण तीन महीने पूर्व कराया गया था। इस सड़क की गुणवत्ता खराब थी जिसके कारण तीन महीने बीतने के बाद ही सड़क पर गड्ढा बन गया। आए दिन राहगीर बीच सड़क हुए गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव के लालजी पांडेय व मोहित सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण के समय मानक का ध्यान नहीं रखा गया था, ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर गड्ढे के कारण दुर्घटनाओं की हमेशा आशंका बनी रहती है। यहां आए दिन वाहन चालक असंतुलित हो जाते है। सबसे ज्यादा घटनाएं शाम में होती है। इसका एक कारण अंधेरे में गड्ढे के दिखाई नहीं देना है।अगर गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### जमुनापार की संभागीय कुश्ती प्रतियोगिता करछना के अकोढा में आज

**करछना।** यमुनापार संभाग की चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के क्रम मे शनिवार को सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग बालक और बालिका कुश्ती प्रतियोगिता श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा में आयोजित की गयी है। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। सभी खेल शिक्षक अपनी टीम को समय से प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने दी है ।

# पंजीकृत श्रमिकों के साथ बीओसी बोर्ड श्रम विभाग कर रहा तंग

अखंड भारत संदेश

**प्रमुख सचिव श्रम लखनऊ से शहजादे श्रमिक प्रतिनिधि ने की शिकायत,अपर मुख्य सचिव यूपी को मिली जांच,**

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिंद मंजूर सभा भोला नाथ तिवारी मिले श्रमायुक्त कानपुर से,दिए श्रमिकों के हितार्थ सुझाव**

**पसना कोरांव।** श्रम विभाग उत्तर प्रदेश सासन से संबद्ध उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्म कार कल्याण बोर्ड लखनऊ से पंजीकृत लाखों श्रमिकों को करीब साल भर से सरकार द्वारा श्रमिकों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने उन्हे योजनाओं के लाभ दिए जाने हेतु चलाई गई कई योजनाएं इतनी जटिल कर दी गई कि प्रतिदिन मजदूरी कर के अपने और परिवार की जीविका चलाने वाला श्रमिक अपनी बेटी के हाथ पीले करने के लिए पेट पाले या फिर कई दिनों तक बी ओ सी डब्लू की नीति नई नियमावली को पालन करने के लिए जिले के श्रम कार्यालय मुख्यालय,या सीएससी केंद्रों पर या अधिकारियों के यहां गिड़गिड़ाने जाए,जटिल ओपचारिकता के कारण थक हार कर घर बैठ कर सरकार को कोसता फिरे। दरअसल श्रमिकों को पहले पंजीकरण, नवीनी कारण, और कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु, बालिका आशीर्वाद, मृत्यु दुर्घटना अंत्येष्टि सहायता आदि योजना श्रम कार्यालय पर ही होता रहा जिससे श्रमिकों को असुविधा नहीं होती थी। और कार्यालय से ही कमी बेसी सुधार कराकर ऑनलाइन कर दिया जाता था। और आसानी से जांच के बाद लाभ मिल जाता था। किंतु सीएससी पर ऑनलाइन व्यवस्था में अनपढ़,गरीब श्रमिक को ओटोपी का झंझट और आधार कार्ड मोबाइल नंबर जोड़ने में ओटीपी श्रम इंस्पेक्टर को भी ओटीपी वह भी जिले से नवींनी करण न हुआ तो लखनऊ बोर्ड से मेल कर कार्ड रिनिवल हो तब आवेदन ऑनलाइन हो इसी के चक्कर में श्रमिक थक हार कर मजदूरी का नुकसान कर बैठ जाता है।

**बोले श्रमिक प्रतिनिधि**



श्रमायुक्त कार्यालय इलाहाबाद में पूर्व में हुई गड़बड़ी की शिकायत की जांच निस्पक्छता पूर्वक न होने की पुनः शिकायत नए आयुक्त से हुई,जांच टीम से मेरे मंडल के पदाधिकारी,महेंद्र यादव,सचिव शुक्ला आदि ने मुलाकात किया,साथ ही श्रमिकों की योजनाओं के आवेदन प्रक्रिया की विभागीय कार्यालय द्वारा सुनिश्चित किए जाने का सुझाव दिया गया।

**भोलानाथ तिवारी**
**कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंद मजदूर सभा प्रयाग राज।**



श्रमिकों के हितार्थ कई बार शिकायत की गई कोई अमल नहीं हुआ,पुनः प्रदेश के प्रमुख सचिव से शिकायत किया है और श्रमिकों के आवेदन इत्यादि की सरल प्रक्रिया अपनाने की मांग की गई है।

**अहद अहमद सिद्दीकी**
**प्रबंधक सचिव मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट,उपाध्यक्ष हिंद मजदूर सभा प्रयागराज।**

और अंततोगत्वा साल भर से अधिक हो गया किसी के आवेदन योजनाओं के नहीं हो पा रहे। इस बाबत अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे हिंद मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज तथा मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट के सचिव,प्रबंधक संस्थापक, सोसल एक्टविष्ट ग्राम प्रधान लीडर्स ने प्रमुख सचिव श्रम उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र लिख कर श्रमिकों के साथ हो रही नाइंसाफी और कार्डों के रिनिवल,पंजीयन,योजनाओं के आवेदन को सरली करण किए जाने बंद पड़े वेबसाइट कार्य को चालू किए जाने की मांग दुबारा आईजीआरएस द्वारा किया। जिस पर शासन ने श्री शहजादे की मांग पर अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ को जांच और आवश्यक कार्यवाही के लिए आदेश जारी किया गया है। इसी तरह वरिष्ठ श्रमिक लीडर्स और बोर्ड के कई बार मेंबर्स रहे भोला नाथ त्रिपाठी ने भी 22 अगस्त को कुछ श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश के श्रमायुक्त मुख्यालय कानपुर जा कर मिले और आयुक्त से श्रमिकों के पंजीयन,नवीनिकरण,योजनाओं के आवेदन आदि को श्रमिकों के हितार्थ श्रम कार्यालय द्वारा ही कराए जाने की मांग रखी और सुझाव दिए। जिस पर आयुक्त द्वारा आश्वासन दिया गया।




# शिक्षा मित्रो का उत्पीड़न बर्दास्त नही : अन्दुल मोकीत सिद्दीकी

**करछना।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ब्लाक इकाई कौंधियारा की आवश्यक बैठक शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन विकास केंद्र पीड़ी मे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पाण्डेय और संचालन ब्लाक के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अन्दुल से मोकीत सिद्दीकी ने किया । अध्यक्षता कर रहे जनार्दन पाण्डेय ने सभी शिक्षा मित्रो से आहवान किया कि आगामी 5 सितम्बर को अपने सर पर कफन बांध कर निकले इसबार लड़ाई आर पार की होगी । सचालन कर रहे अन्दुल मोकीत सिद्दीकी ने कहा कि सरकार के गलत नीतियो एवं लिखित समझौता कर के भी वादा खिलाफी किया जो कि अति निंदनीय है । 5 सितम्बर की तैयारी हेतु ब्लाक के शिक्षक सगठन के महामंत्री हेमन्त त्रिपाठी सहित समस्त एआरपी ने सहयोग करने की बात कही । जिला पदाधिकारी अन्तिमा यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से राकेश शुक्ला,बीन बहादुर, आनन्द प्रकाश, सुरेश सोनकर,सुमन सोनकर ,मो इशरार , रेखा शुक्ला, परशुराम,अनीता यादव, संगीता मिश्रा, सुधा सिह संतोषी पाठक, अमर जीत अनारकली,शांति देवी, मंजूलता, उषा बिन्द आदि मौजूद रहे।

# पैतालिस वर्षो से निर्मित ग्राम पंचायत के जमीन मे बना कमरा हुआ खड़हर

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा में बना सामुदायिक सुलभ शौचालय के सामने ग्राम पंचायत की जमीन में बने मकान देखरेख के अभाव में खंडहर बनता जा रहा है। वर्षो पुरानी निर्मित मकान में मांडा खास निवासी शिव बाबू केशरी अपनी जीवकोपार्जन चलाने के लिए किरायेदार के रूप में गल्ला की दुकान खोल रखी है। लेकिन 45 साल निर्मित मकान काफी जर्जर हो चुकी है। इस ग्राम पंचायत के जमीन में बने कमरा का किराया भी नही मिलता जिससे पीछे पड़े खाली जमीन में ठीक ठाक कमरा बनाया जा सके। स्थिति यह है कि साफ सफाई तो दूर गंदगी के चलते यहां आने से लोग कतराते है। वही मांडा के पूर्व प्रधान भोला नाथ कुशवाहा बताया कि इस बारे में कई बार खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया था। किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। और शिकायत के बाद भी यहां के जीर्णोद्धार के लिए पहल नहीं हो रही है। विकासखंड मांडा में सन 1980 में करीब 45 वर्ष पूर्व लाखों की लागत से ग्राम पंचायत की जमीन में किराये दारों की सुविधा हेतु मकान का निर्माण किया गया था। जिसका हर माह किराया ग्राम प्रधान को दिया जाता था। लेकिन बीते कई वर्षो से ना ही इसका किराया का पता और ना ही इसके हिसाब किताब का जिसके अभाव में अब ये मकान जर्जर हालत में पहुंच चुका है। और सम्बन्धित अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है। जर्जर मकान कब धराशायी हो जाए कहा नही जा सकता। स्थानीय लोगों ने जीर्णोद्धार



और साफ-सफाई कराने की मांग की, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

**इनका कहना है :** हमारे तीन वर्ष के कार्यकाल में जब से हम प्रधान बने है हमे उक्त कमरे का ना ही किराया मिला है और ना ही उसका हमारे पास कोई हिसाब किताब है। अगर इस मकान का किराया मिलता तो हम ग्राम पंचायत की जमीन को नये सिरे से जीर्णोद्धार करवाने में कोई कसर नही छोड़ते उक्त मकान के पीछे खाली पड़ी जमीन का भी निर्माण जरूर होता।

**असद अली ग्राम प्रधान मांडा**

हमारे कार्यकाल में जब से किरायेदार मौजूद है तब से हर माह किराया पहुँचा दिया जाता था। जिसका किराया रशीद देकर उक्त पैसे को ग्राम पंचायत के खाते में डलवा दिया जाता था और रही बात जर्जर मकान की इसकी शिकायत भी हमने खंड विकास अधिकारी को भी दिया था। लेकिन संज्ञान नही लिया गया। **भोला नाथ कुशवाहा पूर्व प्रधान मांडा**

## सोरांव थाना क्षेत्र में हुआ दो एक्सीडेंट

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत दो घायल

### कोचिंग जा रहे किशोर को चारपहिया वाहन ने मारी टक्कर मौत



मृतक संजय की फाइल फोटो

**सोरांव।** इलाके के सैदहा सराय दीना गांव के पास शुक्रवार को एक बाइक सवार पर बैठे चार लोग की ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक नाना और नाती की मौके पर मौत हो गई। तथा मां बेटी बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए वहीं घायल मां बेटी बुरी तरह घायल हो गई। जहां घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सोरांव भेज दिए स्थिति गंभीर देख डाक्टरों ने जिला हॉस्पिटल रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार छेदी का पूरा नूरपुर निवासी अपनी विवाहिता पुत्री आरती व नाती अमन तथा नातिन अर्पिता को लेकर बेटी के ससुराल छोड़ने जा रहा था सुबह करीब 8 बजे जैसे ही वह सोराव थाना क्षेत्र के सराय दीना गांव के पास पहुंचा वैसे ही ईंट लदा एक ट्रैक्टर दो पहिया वाहन में टक्कर मार दिया जिससे मौके पर बाइक चालक राकेश कुमार 50 व 5 वर्षीय अमन की मौके पर मौत हो गई। तथा बेटी आरती व नातिन अर्पिता बुरी तरह घायल हो गई सूचना पर पहुंची थाने के पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं घायलों का जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मृतक की पत्नी सोना देवी ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

तथा दूसरी घटना होलागढ़ क्षेत्र निवासी पूरनपुर गांव का एक किशोर सोरांव चौराहे पर कोचिंग करने आ रहा था। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही वह मेवा लाल इंटर कॉलेज के पास पहुंचा था तभी एक अनियंत्रित वैगन आर चार पहिया वाहन ने युवक के बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के पिता राकेश कुमार ने चार पहिया अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। जहां मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नगर निगम करेगा मदद, आवारा पशु घूमते दिखे तो देनी होगी सूचना

**प्रयागराज।** सड़कों पर छुट्टा सांड़ घूम रहे हैं। इससे आए दिन घटनाएं भी हो रही हैं। अब सांड़ों को पकड़ने के लिए नगर निगम की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पशु कल्याण विभाग की ओर से मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। शहरवासियों से अपील की गई है कि नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंदर यदि कहीं पर छुट्टा सांड़ घूमता दिखाई देता है तो तत्काल उसे नगर निगम के नंबर पर कॉल कर सूचना दें। मोबाइल नंबर 8303701102, 8303701076 व 8303701367 पर कॉल कर सूचना दी जा सकती है। इस तरह यदि किस पशु मालिक के पशुओं के मृत्यु हो जाती है तो मोबाइल नंबर 8303701367 एवं 8303701145 पर कॉल कर जानकारी दें। निर्धारित शुल्क 2000 रुपये (बड़े मृत पशु) व 1000 रुपये (छोटे मृत पशु) जमाकर उसका निस्तारण कराया जाएगा।

# पुलिस चौकी के अंदर दरोगा ने ली नोटों की गड्डी, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज के रिश्वत लेने का वीडियो सामने आया है। जिसमें अभय चंद नोटों की एक गड्डी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसे एक युवक सफेद कागज में लपेट कर दे रहा है। वो कह रहे-मैं क्या करुं यार। हमारे ऊपर के अधिकारियों के पास पार्टी लाख 50 हजार रुपए लेकर पहुंच जाती है, तो वो लोग दबाव बनाते हैं। दरअसल, एक वैद्य ने रिश्वत दी। बाद में जब उसको पुलिस परेशान करने लगी, तो उसने खुद ही वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस कमिश्नर ने वीडियो का स्वतः संज्ञान लेकर दरोगा अभय चंद को सस्पेंड कर दिया गया। राज किशोर प्रयागराज के वैद्य हैं। उन्होंने सिविल कोर्ट में 2019 में मुकदमा किया था कि उनकी जमीन कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। 2020 में विपक्षियों को कोर्ट ने नोटिस भेज कर जानकारी दी। इसके बाद 2021 में विपक्षियों ने उल्टा राज किशोर पर एफआईआर दर्ज करा दी। राज किशोर को पता लगा कि उनके ऊपर संगीन धाराओं में रिपोर्ट हो गई है तो वो पुलिस अफसरों से मिले। इसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। आरोप है कि विवेचक अभय चंद ने उनसे कहा कि तुम्हारा मुकदमा हल्का करा देंगे, कुछ रिश्वत दे दो। हम पूरा मामला मैनेज कर देंगे। इसके लिए उन्होंने कई 10-10 हजार रुपए दिए हैं। लेकिन, उसके बाद भी पुलिस ने उनका काम नहीं किया। न ही उन पर दर्ज मुकदमा वापस लिया।

## सिविल लाइंस बस स्टैड के पास स्पा सेंटर में छापेमारी, कई लड़कियां पकड़ी गईं

### सिविल लाइंस बस स्टैंड के बगल में चल रहा था स्पा सेंटर, पुलिस थाने ले जाकर कर रही पूछताछ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस स्टैंड के पास संचालित हो रहे स्पा सेंटर में पुलिस ने आज शुक्रवार की शाम छापेमारी की। छापेमारी में एक दर्जन से ज्यादा लड़कियां पकड़ी गई हैं। छापेमारी के दौरान अफरा-तफरी जैसा माहौल हो गया। सभी को पुलिस सिविल लाइंस थाने ले गई। वहां सभी से पूछताछ चल रही है। बताते हैं कि यहां पर कई दिनों से यहां अलग-अलग नामों से स्पा सेंटर संचालित किया जा रहा था। स्पा सेंटर की आड़ में यहां पर कुछ और ही चल रहा था। पुलिस देख भागने लगे स्पा सेंटर में बैठे लोग : शुक्रवार की शाम पुलिस फोर्स कई गाड़ियों के साथ सिविल लाइंस बस स्टैंड के पास पहुंची थी। उधर, पुलिस भर्ती परीक्षा देकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी बस स्टैंड के पास मौजूद थे। पहले तो लोग समझ नहीं सके लेकिन महिला पुलिस के साथ फोर्स अंदर मॉल में पहुंची। पुलिस देखते ही वहां कई लड़कियां पकड़ी गईं, कुछ कस्टमर भी वहां मौजूद थे।सभी को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए साथ ले गई। सिविल लाइंस थाने के इंस्पेक्टर रामआसरे यादव ने बताया, कि छापेमारी कर लड़कियों को थाने लाया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# 100 बेड का अस्पताल 2 वर्ष में नहीं भर्ती हुए एक भी मरीज

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक तक की भूमिका पर उठे सवाल



**प्रयागराज।** योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था में प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी इस कदर भ्रष्टाचार में लिप्त है कि सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर भगवतपुर ब्लॉक में 100 वेड का अस्पताल 2 वर्षों पूर्व जनता की सेवा में समर्पित कर दिया गया इस अस्पताल का उद्घाटन तत्कालीन भाजपा के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया था उद्घाटन के समय भाजपा के मंत्री ने जनता को बड़ी-बड़ी सुविधा देने की बात इस अस्पताल के उदघाटन के समय कही थी लेकिन मंत्री की इस बात पर इलाहाबाद के सीएमओ ने जोरदार तमाचा मारा है 2 वर्ष बीत जाने के बाद इस अस्पताल के संचालन की स्थिति इतनी बदतर है कि तीन-चार घंटे के लिए कुछ चिकित्सक अस्पताल पहुंचते हैं औपचारिकता निभाकर यह चिकित्सक नर्सिंग होम में वापस चले जाते हैं सौ बेड के इस अस्पताल में आपातकालीन सुविधा दो वर्षों बाद भी नहीं शुरू हो सकी है इतना ही नहीं इस अस्पताल की बदतर व्यवस्था में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री तक को गुमराह कर दिया है अस्पताल में 100 बेड होने के बाद दो वर्षों के बीच एक भी मरीज भर्ती नहीं हुए हैं शाम 2:00 बजे के बाद अस्पताल में सियार लौटने लगते हैं अस्पताल में ताला बंद हो जाता है रोते बिलखते मरीज अस्पताल से वापस लौट जाते है मामूली दुर्घटना में भी इस अस्पताल में 2 बजे के बाद इलाज नहीं मिल पाता है आखिर जब मरीज को भर्ती नहीं करना था तो 100 बेड का अस्पताल बनाकर के डॉक्टर कर्मचारियों को करोड़ो का वेतन क्यों दिया जा रहा है इलाहाबाद की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठ रहा है कि जनता को सुविधाएं न मिलने के बाद करोड़ों रुपए की रकम सरकार की बेतन में क्यों बर्बाद की जा रही है इन तमाम बातों का जवाब मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज के पास नहीं है 2 वर्ष बीत जाने के बाद अस्पताल में किसी तरह की मौके पर सुविधाएं न होने के पीछे मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज से लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रयागराज के साथ-साथ स्वास्थ्य महानिदेशक लखनऊ की भूमिका सवालों के घेरे में है मीटिंग मॉनिटरिंग के नाम पर स्वास्थ्य महानिदेशक लखनऊ ने भी बड़ी लापरवाही की है जिससे इस अस्पताल का दो वर्षों से संचालन शुरू होने के बाद भी बंद जैसी स्थिति है आखिर स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों ने दो वर्षों के बीच क्या मॉनिटरिंग की है जबकि स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रत्येक महीने मीटिंग होती है मीटिंग में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का लेखा-जोखा बनाकर मुख्यमंत्री को भेज दिया जाता है लेकिन हकीकत यह है कि ड्यूटी न देने वाले डॉक्टर से प्रत्येक महीने मोटी रकम स्वास्थ्य विभाग में वसूली जा रही है जिससे चौपट व्यवस्था को सुधारने का प्रयास मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर अपर निदेशक स्वास्थ्य भी नहीं कर रहे हैं मामले में यदि शासन स्तर से योगी सरकार ने जांच कराई तो प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग के कई बड़े अधिकारियों पर शासन की गाज गिरना तय हैं सवाल उठता है कि दो वर्षों के बीच करोड़ों रुपए का फर्जी उपस्थिति पर वेतन देने वाले जिम्मेदारों से क्या फर्जी वेतन की रिकवरी सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कराएंगे या फिर केवल आम जनता गरीब कमजोर मजलूमों के लिए ही भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा योगी सरकार का होगा और बड़े अफसरों के बीच भ्रष्टाचार इसी तरह बढ़ता रहेगा यह व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### हार्ट अटैक से हुई थी राजू की मौत



**झूंसी।** कोहना में चार दिन पूर्व राजू 55 की कुछ लोगों से गाली-गलौज हुई थी। इसी बीच चोट लगने से घायल होने का आरोप परजनों ने लगाया था उसका इलाज घर पर चल रहा था। गुरुवार की दोपहर उसकी तबियत अचानक खराब हो गई। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके पुत्र जैकी की तहरीर पर उसका पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उसमें मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के मुताबिक राजू की मौत का कारण हार्ट \अटैक बताया गया है। तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी।

### लेखपाल की छवि धूमिल करने की रची साजिश

**..निजी वीडियो मोबाइल से प्राप्त कर एडिट करके किया जा रहा वायरल**

**सोरांव।** स्थानीय तहसील में तैनात लेखपाल अरुण कुमार सरोज के संबंध में है। तैनात लेखपाल को साथियों के द्वारा ज्ञात हुआ कि उसका कोई व्यतिगत वीडियो जो उसके मोबाइल से भेजा गया है वह अब एडिट करके उसका नाम बदनाम किया जा रहा है तथा उसको संज्ञान में यह भी आया कि लोगों में अफवाह फैलाई जा रही है कि साक्ष्य स्वरूप यह वीडियो आप देख लीजिए कि यह लेखपाल कितना गंदा है। लेखपाल के जानकारी होने के बाद उसके पैरों तले जमीन खिसक गई लेकिन वह धैर्य बांधते हुए सारी बातें अपनी धर्म पत्नी को बताई फिर पति पत्नी 25 अगस्त को नवाबगंज थाने में शिकायती पत्र देकर छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। इस बाबत पीड़ित लेखपाल ने बताया कि वायरल हो रही एडिट वीडियो मेरी छवि को धूमिल करने के लिए की रही है, रही बात मेरे अवैध संबंध की तो कोई भी महिला यह साबित नही कर सकती कि उसके साथ लेखपाल का शारीरिक अवैध संबंध है। मैं शपथ के साथ उसको एक लाख रुपए दण्ड स्वरूप दूंगा। इतना ही नहीं स्वयं सुसंगत धाराओं में वाद दाखिल करवा कर जेल जाने के लिए तैयार रहूंगा। मेरा अपनी पत्नी के साथ पति धर्म के अलावा अन्य किसी के साथ इस जन्म में अभी तक किसी से कोई शारीरिक संबंध नही है। पुलिस के द्वारा वायरल वीडियो की छानबीन की जा रही है।

### पिता को ही बच्चा चोर समझ का लोगो ने पीटा

**झूंसी।** शास्त्री पुल पर गुरुवार की शाम उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब भीड़ ने एक पिता को ही बच्चा चोर समझ का बुरी तरह पीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। जब सच्चाई पता चली तो पीटने वाले मौके से खिसक लिए। पिटाई का एक वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसकी अखंड भारत संदेश अखबार पुष्टि नही करता। भदोही का रहने वाला एक मजूदर अपने परिवार के साथ झूंसी में रहता है। गुरुवार की शाम वह अपने दो वर्षीय बालक को लेकर शास्त्री पुल पर बैठा था और बच्चा रो रहा था वह टहलने वालो को लगा कि यह बच्चा चोर है। बच्चा चोर की अफवाह फैलते ही लोगो की भीड़ जमा हो गई और लोग मजदूर की पिटाई शुरू कर दी। वह कहता रहा कि बच्चा उसका है कोई सुनने को तैयार नही हुआ। तभी बच्चा चोर की सूचना पर पुलिस भी आ गई और उसने सारी घटना बताइ तो पुलिस ने उसकी पत्नी को भी बुला लिया तब सच्चाई का पता चला। सचाई का पता चलतें ही पिटाई करने वाले मौके से हट लिए। कुछ लोगो का कहना था कि वह अपने बच्चे को पुल से नीचे फैक रहा था।

### स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद हेतु करें आवेदन, आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित

**प्रयागराज।** सचिव/ एडीजे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद इलाहाबाद सहित 20 जिलों में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज और वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते है।

# नैनी पुलिस ने किया लुटेरी दुल्हन गैंग का खुलासा 4 महिलाओं समेत 9 अभियुक्त गिरफ्तार

### शादी करने के बहाने से बुलाकर करते थे लूट




**नैनी।** नैनी पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ दबिश घेराबंदी कर लूट करने वाले गैंग गिरोह के कुल नौ आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। लूट घटना में 05 महिला भी शामिल थी नैनी पुलिस ने उनके कब्जे से सोने व चांदी के गहने व एक मोबाइल तथा 5500 रुपये नगद आदि बरामद भी कर लिया है। उक्त कार्यवाही। नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में दरोगा अमित कुमार दुबे, धमेन्द्र कुमार यादव, महिला दरोगा दिव्या कुमारी व नेहा चौधरी अन्य पुलिस थानां क्षेत्र में सुरक्षा गस्त में लगे हुए थे तभी यमुनापुल के नीचे सड़क पर एक पुलिया के पास लूट गैंग गिरोह के सदस्यों की होने की सटीक सूचना मिली प्रभारी ने योजना बनाकर पुलिस फोर्स को तुरन्त भेजा मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने घेराबंदी कर 05 महिला समेत कुल नौ लोगों को धरपकडा। पुलिस का कहना है जब उनकी तलासी ली गयी तो सोने की एक मंगल सूत्र एक कान की झाला, एक जोड़ी पायल व बिझिया व एक मोबाइल तथा 5500 रुपये नगदी पाये गये।पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मोनू भारतीया पुत्र श्यामलाल ग्राम निवि धूमनगंज प्रयागराज उम्र 28 वर्ष, सौरभ भारतीया पुत्र अर्जुन ग्राम जयरामपुर धूमनगंज उम्र 25 वर्ष, आशीष पुत्र संतोष व भानु पुत्र जयकुमार निवासीगण चकनिरातुल धूमनगंज, काजल पुत्री राम गोपाल निवासी जयरामपुर धूमनगंज, मान्शी पुत्री स्व रमेश ग्राम मदार्बाद कौशाम्बी हालपता महिला ग्राम थाना धूमनगंज, गौरी पत्नी अर्जुन ग्राम महिलाग्राम थाना धूमनगंज, सरोज पत्नी संतोष भारतीया ग्राम चकिया चौफटका धूमनगंज तथा प्रीति पत्नी गोरेलाल पीपल गांव थाना एयरपोर्ट उम्र 35 वर्ष बताया।साथ ही बताया कि साहब हम लोगो का एक गैंग गिरोह है लोगों को अपनी बेटी की फोटो दिखा कर शादी के लिये बुलाते थे मौका पाकर उनके कीमती सामान लूट लेते है। साथ ही झूठी शादी कराकर दुल्हन को ले जाते वक्त लड़के पक्ष को लूट लेते थे आज भी हम लोग एक ब्यक्ति को बुलाया था की आप लोगो द्वारा पकड़ लिए गये। सघन जांच पड़ताल के बाद पुलिस द्वारा आगे की विधीक कार्यवाही की गई।

### पिता को ही बच्चा चोर समझ का लोगो ने पीटा


**झूंसी।** शास्त्री पुल पर गुरुवार की शाम उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब भीड़ ने एक पिता को ही बच्चा चोर समझ का बुरी तरह पीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। जब सच्चाई पता चली तो पीटने वाले मौके से खिसक लिए। पिटाई का एक वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसकी अखंड भारत संदेश अखबार पुष्टि नही करता। भदोही का रहने वाला एक मजूदर अपने परिवार के साथ झूंसी में रहता है। गुरुवार की शाम वह अपने दो वर्षीय बालक को लेकर शास्त्री पुल पर बैठा था और बच्चा रो रहा था वह टहलने वालो को लगा कि यह बच्चा चोर है। बच्चा चोर की अफवाह फैलते ही लोगो की भीड़ जमा हो गई और लोग मजदूर की पिटाई शुरू कर दी। वह कहता रहा कि बच्चा उसका है कोई सुनने को तैयार नही हुआ। तभी बच्चा चोर की सूचना पर पुलिस भी आ गई और उसने सारी घटना बताइ तो पुलिस ने उसकी पत्नी को भी बुला लिया तब सच्चाई का पता चला। सचाई का पता चलतें ही पिटाई करने वाले मौके से हट लिए। कुछ लोगो का कहना था कि वह अपने बच्चे को पुल से नीचे फैक रहा था।


## आधार कार्ड संसोधन में अवैध वसूली होने पर ग्रामीणों में आक्रोश



**जंघई।** राशनकार्ड में इस समय परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी हो रहा है जिसके कारण तमाम लोगों के नाम और उम्र पता में भी बदलाव करवाना रहता है जिसके कारण लोग आधार सुधार केंद्र पर जाते हैं तो मनमानी पैसा वसूला जा रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा जंघई, पोस्ट आफिस जंघई में भी आधार कार्ड संसोधन का कार्य चल रहा है दूर-दूराज से लोग सुबह पहुंच जाते हैं अपने आधार कार्ड में संशोधन करवाने हेतु परंतु घंटों लाइन लगाकर खड़े रहने के बावजूद भोले भाले नागरिकों को भ्रमित करके 150 से लेकर 500 तक की वसूली प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा बैंक में किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार आधार कार्ड में नाम, लिंग, जन्मतिथि, और पता बदलने के लिए 50 रुपये का शुल्क देना होता है।आधार कार्ड में फिंगरप्रिंट या आंखों के स्कैन को बदलने के लिए 100 रुपये का शुल्क देना होता है।अगर आपको दोनों बदलाव कराने हैं, तो दोनों शुल्क का भुगतान करना होगा।आधार कार्ड में बदलाव के लिए, आप माय आधार पोर्टल पर ऑनलाइन भी अपडेट करा सकते हैं 14 सितंबर, 2024 तक इस सुविधा का लाभ मुफ़्त में लिया जा सकता है 14 सितंबर, 2024 के बाद इस सुविधा के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा।आधार कार्ड में बदलाव के लिए, आप भारतीय डाक सेवा की वेबसाइट पर सेवा अनुरोध फॉर्म भी भर सकते हैं।आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलने के लिए भी 50 रुपये का शुल्क देना होता है यह बदलाव सिर्फ. आधार सेंटर पर ही किया जा सकता है।आधार कार्ड में बदलाव करने के बाद, आपको एक सर्विस रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा. इसके जरिए, आप चेक कर सकते हैं कि आपके आधार में बदलाव कब तक हो जाएगा। बैंक ऑफ बड़ौदा जंघई में आधार कार्ड संसोधन में अवैध वसूली होने के कारण क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा जंघई प्रबंधक ने कहा है कि मैं जांच पड़ताल करके अगर कोई दोषी पाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई करूंगा।

### स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक दूषित जल व भोजन से रहें दूर - डॉ अमित

**सहसों।** हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सहसों बाईपास पर गुरुवार को स्वास्थ्य जागरूकता एवं ओ आर एस निःशुल्क वितरण गोष्ठी आयोजित किया गया। गोष्ठी में मौजूद लोगों को जागरुक करते हुए डॉक्टर अमित यादव ने कहा इस बरसात के मौसम में दूषित जल एवं दूषित भोजन से जितना हो सके बचाव करें। उन्होंने कहा ऐसे मौसम में बच्चे, बूढ़े, जवान सहित सभी को डायरिया, दस्त, बुखार, खांसी, मौसमी बुखार एवं मलेरिया जैसी बीमारियां अपनी चपेट में तेजी ले रही हैं। उन्होंने बीमारियों से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित दस्त उल्टी होने पर सबसे पहले ओ आर एस का घोल जरूर लेते रहें एवं पतली खिचड़ी का सेवन करें, पानी उबालकर ठंडा कर लें उसी को पिएं, बाहर करने पर पानी का बोतल साथ में अवश्य लेकर चलें, बासी एवं विषाक्त भोजन से परहेज करें एवं बाजारों में तली भुनी तथा फास्ट फूड्स को बिल्कुल प्रयोग न करें। बरसात के इस मौसम में मौसमी बुखार डायरिया मलेरिया उल्टी दस्त होने पर योग्य चिकित्सक के पास जाएं और सलाह लेकर औषधि लें। इस अवसर पर इंजीनियर राजेंद्र प्रसाद, पंकज, नीरज पांडे, राजेश यादव, शिवम पाल, सरला वर्मा, राधिका वर्मा एवं सोहनलाल केसरवानी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कार्यशाला का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानकों एवं निर्माण कार्य में अपनायी जाने वाली प्रक्रियाओं व सावधानियों के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी**



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द की उपस्थिति में शुक्रवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे स्थायी कार्यों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित बनाये रखने एवं निर्माण कार्य को समय से पूर्ण किए जाने के सम्बंध में विभिन्न विभागों के कार्यदायी संस्थाओं के मुख्य अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता व निर्माण कार्यों से जुड़े हुए ठेकेदारों एवं थर्ड पार्टी के विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में थर्ड पार्टी के विशेषज्ञों के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानकों एवं निर्माण कार्य में अपनायी जाने वाली प्रक्रियाओं व सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में मुख्य अभियंता-लोक निर्माण विभाग, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, नगर निगम, सेतु निगम, जल निगम, सिंचाई विभाग के द्वारा उनके विभाग से सम्बंधित कराये जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में बताते हुए मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध ढंग से अपनायी जाने वाली विधियों, प्रक्रियाओं, व मानीटरिंग के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि यहां पर महाकुम्भ-2025 का आयोजन होने जा रहा है और पूरे देश व दुनिया की नजर प्रयागराज पर है, जिससे हम सभी पर और अधिक जिम्मेदारियों का दायित्व है साथ ही आपको यहां अपना पुरूषार्थ दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश व दुनिया से श्रद्धाभाव से ओत-प्रोत होकर श्रद्धालु यहां आयेंगे। यदि आप अच्छा कार्य करेंगे, तो उनके पुण्य का लाभ आपको भी प्राप्त होगा। मण्डलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को कुम्भ के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों का निरंतर निरीक्षण करते रहने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने कार्य में गुणवत्ता, कार्य में कुशलता एवं कार्यो की गति में धीमी न होने पाये, इसको सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पायी गयी, तो सम्बंधित की जिम्मेदारी निश्चित रूप से तय की जायेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ठेकेदारों से कार्यो को समयसीमा में कराये जाने हेतु मैनपॉवर, लाजिस्टिक्स बढ़ाने व उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामाग्री प्रयोग करने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने थर्ड पार्टी को विभिन्न विभागों के द्वारा कराये जा रहे कार्यों के गुणवत्ता की निरंतर जांच करते रहने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द ने निर्माण कार्य से जुड़े सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों, आपूर्तिकताओं व ठेकेदारों को टीम भावना व आपसी सामंजस्य बनाते हुए सभी कार्यों को निर्धारित की गयी समयसीमा में पारदर्शिता व कटिबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के प्रति उदासीनता, शिथिलता एवं लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कार्य को निर्धारित समयसीमा में ही पूर्ण किया जाना है, इसके लिए अतिरिक्त मैनपॉवर, अतिरिक्त शिफ्ट, संसाधन व अन्य जो भी आवश्यकताएं हो, उनकी व्यवस्था करते हुए कार्य को पर्ट चार्ट के अनुसार समय से पूरा करायें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को ठेकेदारों को कार्य के प्रगति के अनुरूप भुगतान समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी मेला प्राधिकरण आकांक्षा राणा, अपर मेलाधिकारी मेला दयानन्द प्रसाद, उपजिलाधिकारी मेला विवेक शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंटर कॉलेज में घुसकर शिक्षक की पिटाई, थाने पर की गई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बच्चों को डांटना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। बच्चों के परिजन विद्यालय में घुसकर शिक्षक की पिटाई कर दी। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पूरेसनाथ चरैया गांव स्थित सोभनाथ पांडेय इंटर कॉलेज का एक शिक्षक शुक्रवार को विद्यालय में बदमाशी कर रहे एक छात्रा को डांट दिया। जिससे क्षुब्ध छात्र अपने घर गया और परिजनों को बताया। नाराज होकर छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और बच्चे को डांटना वाले शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। शिक्षक की पिटाई से आक्रोशित प्रबंधक सुरेश चंद पांडे शिक्षक बद्रीनारायण मिश्र, वीरेंद्र कुमार पांडे, जयप्रकाश पांडेय, शिवम जायसवाल, सुरेंद्र कुमार यादव, कौशल पांडे के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छान बीन में जुटी हुई है।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी घरों को पाइपलाइन से जोड़ा जाए: डीएम

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन हेतु नामित एजेंसियों जेएमसी इण्डिया लिमिटेड व पावरमेक प्रोजेक्ट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रतिनिधियों से जनपद में संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्ण/अपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी ली एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए की सभी परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए, सभी घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन से जोड़ा जाए कोई भी गांव, मजरा अथवा घर कनेक्शन से छूटने न पाए तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को शीघ्र अति शीघ्र रिपेयर किया जाए, इसके अतिरिक्त सभी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा हेल्थ वेलनेस सेंटरों को भी पाइपलाइन से जोड़ा जाए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार हेतु नामित संस्थान के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि गांवों में जल जीवन मिशन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार एवं अन्य सौंप गए कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त हो रही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जो भी प्रोजेक्ट के कार्य उसे जल्द से जल्द कराया जाये और प्रोजेक्ट के जो भी कार्य किये जाये उसकी रिपोर्ट सही एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से दी जाये। एडीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से जल जीवन मिशन के जो भी कार्य है उसकी रिपोर्ट प्राप्त करें। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजय कुमार उपाध्याय, सहायक अभियन्ता सुग्रीव सिंह, हिमांशु केसरवानी व प्रशान्त गौरव, डीपीएमयू सन्ध्या सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



जल जीवन मिशन की बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

## शुभम ने जेआरएफ में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का बढ़ाया मान

**अखंड भारत संदेश**



शुभम श्रीवास्तव।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के रायपुर रोड के रहने वाले बार एसोसिएशन पट्टी के पूर्व अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव के पुत्र शुभम श्रीवास्तव ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से मास्टर एलएलएम की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर नेट एवं जेआरएफ में सफलता प्राप्त कर लखनऊ विश्वविद्यालय में कानून में विशेष शोध हेतु चयन हुआ है। शुभम के चयन होने पर परिवार एवं पट्टी क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। वहीं जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने घर पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान गौरव तिवारी, देवेन्द्र नाथ शुक्ल, नंदन चतुर्वेदी, सचिन मिश्रा, दिव्यदर्शन सिंह समेत तमाम लोग ने शुभकामनाएं दी।

## बीएसए ने दो सहायक अध्यापक व अनुचर का रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्यालय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले दो सहायक अध्यापक व एक अनुचर का बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि वि0ख0-सण्डवा चन्द्रिका के उ0प्रा0वि0 लोहंगपटटी में तैनात सूर्य प्रकाश सिंह स0अ0, अंकित सिंह स0अ0, योगेश सिंह अनुचर शुक्रवार को 9.40 बजे तक स्कूल में अनुपस्थित रहे जिसकी जानकारी होने पर बीएसए ने तीनों से स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसए ने इनके वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है।

# बर्बाद हो रहे विकास की सीएम से हुयी शिकायत

### एमएलसी गोपाल भैया ने बताया मिशन जल जीवन के ठेकेदारों की मनमानी का हाल

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** जमसत्ता दल के वरिष्ठ नेता राजा भैया के अनुज और विधान परिषद सदस्य प्रतापगढ़ गोपाल जी ने सीएम से मुलाक़ात करके उन्हे कुण्डा बाबागंज समेत प्रदेश के गाँवो मे बर्बाद हो रहे विकास कार्यो की गाथा सुनाई। उनके साथ जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव डा के एन ओझा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज और प्रतापगढ़ की जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी कुलदीप पटेल भी मौजूद रही।

बताते चलें की प्रदेश मे जल जीवन मिशन का काम जोरो पर चल रहा है, प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट होने के चलते इसके कार्यो की गुणवत्ता भी लोगों को अपेक्षित है लेकिन इस मिशन से जुड़े ठेकेदारों की मनमानी से पंचायत प्रतिनिधि खासे आक्रोशित है। ठेकेदार गांव के गलियों और सड़क, खड़ंजे, सीसी रोड के बगल खुदाई करके उनका स्वरूप हि बदल दे रहे है,यही नही तोड़ी गयी सड़को को बिना बनाये भाग रहे है और अनापत्ति प्रमाण के लिए उन पर अधिकारिओं से दबाव बनवा रहे है। कुण्डा और बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधिओं ने इसकी शिकायत राजा भैया और गोपाल भैया से किया तो इस संवेदनशील मुद्दे को सीधे प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखित रूप से देते हुए इस पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया है। सीएम योगी जी ने इन नेताओं को अश्वस्ट किया है की इस विषय पर शपष्ट आदेश दिया है की जनसत्ता दल के नेताओं के सुझाव को पूरे प्रदेश मे अमल मे लाया जाये और जल जीवन मिशन के अधिकारिओं को आदेश दिया की गांव मे बर्बाद किये जा रहे विकास कार्यो को पूर्व रूप देना मिशन का कार्य है। निश्चित ही गोपाल भैया के सुझाव पर यादी प्रदेश सरकार गंभीरता से लागू करती है तो करोड़ो का विकास कार्य नष्ट होने से बचाया जा सकता है।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते एमएलसी, विधायक व अन्य।

## पेड़ से बांधकर युवक की पिटाई पुलिस से की गई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बिजली मिस्त्री बुलाने गई युवक को पेड़ से बात कर लेता गया पीड़ित ने थाने पर शिकायत की है। प्रतापगढ़ जनपद की सिसौरा गांव निवासी अंशु तिवारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर आरोप लगाया है कि वह गुरुवार की शाम कठार गांव में बिजली मिस्त्री बुलाने गया था। इस दौरान गांव का एक युवक उसे घूर रहा था। उसने जब कारण पूछा तो आरोपीय युवक अपने सहयोगियों के साथ उसे पेड़ से बांधकर डंडे से पीटा। जिससे उसकी काफी चोटे आई थी शाम करीब सात बजे घायल युवक थाने पहुंच कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की बात की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चैथे दिन भी हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

### 11 परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत थे 8448 परीक्षार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सिपाही भर्ती परीक्षा के चैथे दिन जिले में निर्धारित 11 परीक्षा केन्द्रों पर भारी पुलिस व्यवस्था के बीच आज परीक्षा सम्पन्न हुई। आज दिन में मौसम साफ था। दूसरी बेला में बूंदाबंदी हुई लेकिन तब तक परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र के अंदर जा चुके थे।

पहले तीन परीक्षाओं की तरह ही आज भी केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। तीन स्तर पर परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में जाने दिया। आज की 11 परीक्षा केन्द्रों पर 8448 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहले की परीक्षाओं में एक चैथाई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। अनुमान है कि आज की परीक्षा में भी इसी के आसपास आंकड़ा रहेगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, एडीएम, सीओ, कोतवाल, सेक्टर मजिस्टेट्रट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। जिले के सभी 11 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न होने की खबर है।



पुलिस भर्ती परीक्षा में कागजात चेक करती पुलिस।

## आरोपियों के खिलाफ रास्ते मे घेराबंदी कर मारपीट का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नामजद एवं अज्ञात आरोपियो के खिलाफ रंजिशन पीडित को रास्ते मे घेराबंदी कर मारने पीटने तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है।

लालगंज के परसपुर गांव के निवासी सत्य नारायण सिंह के पुत्र आदर्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीस अगस्त को दोपहर बारह बजे वह बाबा घुइसरनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहा था। घुइसरनाथ रोड पर सलेम भदारी गांव के निवासी सौरभ दुबे, अनिल पुत्रगण इंद्र नारायण दुबे, स्वप्निल पुत्र संजय दुबे व रामगढ खास के करन का पुरवा निवासी राजू मिश्र के पुत्र मयंक तथा शीतलमऊ के विज्ञाता सिंह कुछ अज्ञात लोगों के साथ उसे रोक कर मारने पीटने लगे। राहगीरों को आता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सौरभ समेत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रामपुर खास के कई क्षेत्रों में लोगों से मिले सांसद डा0 एसपी पटेल

### क्षेत्र के लोगों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल रामपुर खास मे लोगों से मुलाकात की और लोगों की जन समस्याओं को सुना। इस दौरान कई जगह छोटे-छोटे कार्यक्रम लगे जिसमें सांसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल का लोगों ने स्वागत किया।

उसके बाद पूरे पुनीत, आमी शंकरपुर, भंवरी, कुंभी आइमा, जरियारी, मटिया तिराहा किशनगढ़ में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी जन समस्याएं सुनी इस मौके पर संसद डॉक्टर शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि देश में बहुत सी जनसमस्याएं हैं जिस पर ध्यान देना चाहिए परंतु यह सरकार आज हमको सांप्रदायिक हिंसा में डाल रही है। हम लोगों को तैयार रहना चाहिए कि यह कब इस तरह के कार्य करके भाजपा सरकार अपने आप को मजबूत करती है। इन सभी चीजों से हम लोगों को दूर रहना चाहिए और देश के हित की बारे में सोचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस समय पीडीए पर जोर दिया जिससे हमें प्रतापगढ़ में समाजवादी के खाते में या सांसद सीट निकली और उन्होंने बताया कि पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक नहीं बल्कि समाजवादी विचारधारा है। उन्होंने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा अगर पार्क बना हुआ है तो वह समाजवादी विचारधारा के छोटे लोहिया कहे जाने वाले जनेश्वर मिश्र के नाम पर बना हुआ है। इस मौके पर सांसद उमेश प्रताप यादव अधिवक्ता सभा प्रदेश महासचिव, पीआरओ जितेंद्र सिंह, रामाशंकर यादव, यशवंत यादव, देवतादीन यादव, साहिल खान, शरद प्रसाद वर्मा, देवराज यादव, सुरेश कुमार मौर्य, अनिल मिश्रा, कमलेश तिवारी, राजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



सांसद का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग।

## नहीं रहे शिक्षा जगत के तेजतर्रार नेता इंद्रमणि त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के तिलक इंटर कालेज के भूतपूर्व प्रधानाचार्य एवं अपने तेवर से जाने जाने वाले इंद्रमणि त्रिपाठी का कल शाम शहर में ही निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनकर तिलक इंटर कालेज के अध्यक्ष डा0 प्रशांत देव शुक्ला, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी, भूतपूर्व प्रधानाचार्य डा0 निशाकांत ओझा, अवकाश प्राप्त प्रवक्ता अमरनाथ त्रिपाठी, प्रवक्ता संतोष तिवारी, अवकाश प्राप्त नगर शिक्षा अधिकारी श्रीराम मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्र पत्रकार, पूर्व विधायक धीरज ओझा के मीडिया ललित तिवारी, डा0 अनुराग मिश्र सहित मोहल्ले के बड़ी संख्या में लोग जैन गली में उनके आवास पर आकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्यादातर लोग इंद्रमणि त्रिपाठी की स्पष्टवादिता तथा उनके तेवर की चर्चा करते रहे। आज प्रातःकाल उनके आवास से उनकी शव यात्रा स्टेशन रोड होते हुए निर्मल पैलेस तक पहुंची, जहां सभासद धर्मशील शुक्ला, रामयज्ञ शुक्ल, सुनील सिंह, मनोज गुप्ता आदि शामिल रहे। आज अपरान्ह उनकी अन्त्येष्टि प्रयागराज के रसूलाबाद घाट में की गई जिसमें भी यहां के बहुत सारे लोग शामिल रहे।

## सड़क पर बह रहा नगर पंचायत का विकास

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आदर्श नगर पंचायत का विकास इन दिनों सड़क पर बहता नजर आ रहा है। बता दे पट्टी नगर पंचायत के मेला ग्राउंड मोहल्ले से होकर बाईपास को जोड़ने वाली सड़क पर इन दोनों बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गड्ढे में पानी भर जाने की वजह से जहां राहगीरों को खासी दिक्कतें हो रही हैं तो वहीं स्थानीय लोग भी हैरान-परेशान है। स्थानीय लोगों का कहना है जल जमाव की समस्या सड़क पर कई माह से बनी हुई है जिसकी शिकायत नगर पंचायत अध्यक्ष से किए जाने के बावजूद भी निराकरण नहीं किया गया जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही बीच सड़क में हुए जलजमाव से आने जाने वाले राहगीरों को भी खासी दिक्कतें हो रही हैं पर नगर पंचायत का ध्यान नहीं जा रहा है।

# संगठन को मजबूत करने में जुटे कार्यकर्ता: डा0 वीके सिंह

### विकास खण्ड आसपुर देवसरा में कांग्रेस की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विकास खंड आसपुर देवसरा में कांग्रेस के सीनियर नेता डा0 मुरली हरिजन की अध्यक्षता में विकास खंड के समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पांडेय ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने कहा कि संगठन को बूथ से लेकर ब्लॉक व जिले तक मजबूत करना हम सब की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पूरे मनोयोग से काम करना होगा। संगठन की जिम्मेदारी उसी को लेनी चाहिए जो पूरी ईमानदारी से काम कर सके। बैठक में मौजूद पूर्व प्रत्याशी पट्टी सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि संगठन को मजबूत किये बगैर चुनाव में सफलता नहीं मिल सकती। कार्यक्रम में मौजूद जिला उपाध्यक्ष राम लवट यादव ने कहा कि आज जनता कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। इस अवसर पर पंकज मौर्य व रविन्द्र मौर्य ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। दोनों लोगों को मुख्य अतिथि ह्रव वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 वी0के0सिंह ने सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश सरोज, दरगाही राम भारती, वीरेंद्र चंद्र तिवारी, मुन्नी लाल, राजेश कुमार, राम तीर्थ चैरसिया, फूल चंद्र चैरसिया, राधे श्याम यादव, देवी प्रसाद, आशिक, एन0बी0पटेल, विनोद यादव सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।



बैठक में बोलते जिला उपाध्यक्ष डा0 वीके सिंह।

## आपदाओं के जोखिम को जानने के लिये करें दामिनी ऐप का प्रयोग: एडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि जनपद में विभिन्न आपदाओं के जोखिम को न्यूनीकृत करने हेतु जनपदवासी/समस्त अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से सचेत एवं दामिनी एप डाउनलोड कर होने वाली क्षतियों को न्यूनीकृत कर सकते है। उन्होने बताया है कि दामिनी मोबाइल एप का संचालन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जाता है जिसके माध्यम से आकाशीय विद्युत के कारण घटित होने वाली घटनाओं की पूर्व चेतावनी/अलर्ट का प्रसारण आम जनमानस के राहत एवं बचाव के दृष्टिगत किया जाता है। जिससे अन्य लोगों को भी सूचना दें कर आकाशीय विद्युत से होने वाली जनहानि/क्षति का अत्याधिक न्यूनीकरण किया जा सकता है। सचेत मोबाइल एप का संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा किया जाता हैं जिसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर विभिन्न मौसम-वर्षा, ओलावृष्टि, शीतलहर, लू, अग्निकाण्ड, आंधी-तूफान, चक्रवात, वङ्कापात, भूकम्प, गैस रिसाव, बाढ़ एवं सूखा आदि की पूर्व चेतावनी/अलर्ट तथा जनपद में घटित होने वाली विभिन्न आपदाओं/घटनाओं में क्या करें क्या न करें की पूर्व चेतावनी/अलर्ट का प्रसारण आम जनमानस के राहत एवं बचाव के दृष्टिगत किया जाता है। जिससे अन्य लोगों को भी सूचना दें कर विभिन्न आपदाओं से होने वाली जनहानि/क्षति का अत्यधिक न्यूनीकरण किया जा सकता है। उन्होने समस्त जनपदवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वह अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर सचेत एवं दामिनी एप को अवश्य डाउनलोड करें।

## आरोपी के खिलाफ छेडखानी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अश्लील हरकत को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस जुलाई को दोपहर दो बजे अपने घर में मौजूद थी। गांव का आरोपी खेमसरी निवासी अशोक कुमार गुप्ता पुत्र सुखनंदन गुप्ता घर में घुस आया। आरोपी ने पीडिता को पकडकर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पीडिता का मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पटक दिया। शोर सुनकर घर परिवार के लोग आये तो आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अशोक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# अधूरे कार्यो को मैनपावर बढ़ाकर शीघ्रता से कराए पूर्ण : डीएम

**जिलाधिकारी ने बाढ़ की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां रखने के दिए निर्देश, जल जीवन मिशन एवं सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जल निगम ग्रामीण के जल जीवन मिशन के कार्यों एवं सिंचाई विभाग के बाढ़ एवं नहरों की टेलफीड के सम्बन्ध में अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए उच्च जलाशय, पाइप लाइन, सड़क पुर्नस्थापना एवं नियमित जलापूर्ति की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की गई एवं सम्बन्धित सभी अधूरे कार्यो पर मैनपावर बढ़ाते हुये युद्ध स्तर पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। विकास खण्ड नेवादा एवं कौशाम्बी के उच्च जलाशयों की अत्यन्त धीमी प्रगति पायी गयी, जिसपर अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाते हुये युद्ध स्तर पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। पेयजल योजनाओं पर नियमित जलापूर्ति चालू करने के भी निर्देश दिये गये। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जनपद में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड कौशाम्बी श्री जगदीश लाल, द्वारा बताया गया कि सहायक अभियन्ताओं एवं अवर अभियन्ताओं से नदी के किनारे अवस्थित 48 संवेदनशील ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करा लिया गया है। बाढ की कोई संवेदनशील स्थिति नहीं पायी गयी है। वर्तमान में जनपद से होकर बहने वाली गंगा एवं यमुना दोनों मुख्य नदियों में जल स्तर घट रहा है। वर्तमान में जनपद में बाढ की कोई स्थिति नहीं है। भविष्य में बाढ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गयी है। नहरों के टेलफीड के बारे में जानकारी लिए जाने पर बताया कि जनपद के समस्त 68 नहरों का टेलफीड करा दिया गया है। इस अवसर पर जल निगम ग्रामीण एवं सिंचाई विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा के कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

**ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहें कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से करायें पूर्ण-डीएम**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेटर सिविल, केजीबीवी , प्रशिक्षण , एमआईएस एवं एमडीएम की विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने छात्रावासों के उच्चीकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जो भी छात्रावास बनकर तैयार हो गये हैं उन्हें हैण्डओवर कर दिये जायें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में खेल का मैदान सहित अन्य आवश्यक सुविधायें अवश्य हों। उन्होंने कहा कि छात्रावासों का लगातार निरीक्षण किया जाता रहें। छात्रावासों में आवागमन रजिस्टर अनिवार्य रूप से भरा जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में वार्डेन एवं अध्यापक आपसी समन्वय बनाकर रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों के जर्जर हो चुकें भवनों का तेजी से सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिन विद्यालयो में बच्चें अधिक हैं और कमरे कम है, या जर्जर हैं, उन बच्चों को निकटतम विद्यालयों में शिफ्ट कराया जाय। उन्होंने पीएमश्री विद्यालयां के निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए उनमें तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग कें अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब भी विद्यालयों का निरीक्षण करें, तो जनपद के दूरस्थ विद्यालयों का ही निरीक्षण करें, यदि वे संघर्षशील विद्यालय हैं तो उन्हें निपुण बनाने का प्रयास करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहें कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# अजीत कुमार श्रीवास्तव बने कौशाम्बी के सीडीओ

● तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश, अखंड भारत संदेश समाचार पत्र की खबर को शासन ने लिया संज्ञान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में मुख्य विकास अधिकारी के रिटायरमेंट होने के बाद प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नहीं संभाल पा रहे हैं व्यवस्था,जिससे विकास योजनाओं की व्यवस्था चौपट होने को लेकर अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था खबर को संज्ञान लेकर शासन ने जिले में मुख्य विकास अधिकारी की तैनाती के निर्देश दे दिए हैं शासन ने नवप्रोन्नत अजीत कुमार श्रीवास्तव को कौशाम्बी जिले का नया सीडीओ बनाया है। हमीरपुर जनपद में जिला विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे अजीत कुमार श्रीवास्तव को शासन ने प्रोन्नत किया है,शासन ने पत्र जारी कर अजीत कुमार श्रीवास्तव को तत्काल कौशाम्बी सीडीओ का कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया है।गौरतलब है कि 31 जुलाई को तत्कालीन सीडीओ रहे डाक्टर रवि किशोर त्रिवेदी रिटायर हो गए थे,जिसके बाद से सीडीओ की कुर्सी खाली थी और सुखराज बंधु को प्रभारी सीडीओ के पद पर नियुक्त किया गया था,जो अभी तक कार्यभार देख रहे थे।

**पहले निर्माण फिर मरम्मत में खर्च हुआ लाखों**

# एक दिन भी उपयोग में नहीं आ सका सामुदायिक शौचालय




**शिकायत पर डीपीआरओ की जांच के बाद भी सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार, झूठे तरीके से जिले को खुले में शौच मुक्त घोषित कर सैकड़ो करोड़ की रकम अधिकारी और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने मिलकर बंदरबाट कर ली**

**कोखराज कौशांबी।** सामुदायिक शौचालय के निर्माण के नाम पर पहले लाखों की रकम निकाली गई फिर मरम्मत के नाम पर लाखों की रकम निकाली गई उसके साथ-साथ सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था के नाम पर भी लाखों की रकम निकाली जा रही है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी एक दिन भी सामुदायिक शौचालय उपयोग करने लायक नहीं हो सका है अधिकारी जिले को शौच मुक्त घोषित कर रहे हैं और जब शौचालय में ताला बंद है तो खुले में शौच करने के लिए ग्रामीण मजबूर है आखिर पंचायत विभाग के अधिकारियों से ग्राम पंचायत के इस भ्रष्टाचार का खेल कब तक चलता रहेगा ग्राम पंचायत से लेकर जिले के पंचायत विभाग के अधिकारी भ्रष्टाचार में इस कदर संलिप्त है कि व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है विभागीय अधिकारियों और ग्राम पंचायत के रैकेट के सदस्यों द्वारा सरकारी रकम में जिस तरह से भ्रष्टाचार किया जा रहा है आखिर जांच कौन करेगा दंडित कौन करेगा तमाम सवाल खड़े हो गए हैं। सिराथू तहसील के कशिया ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय के निर्माण मरम्मत से लेकर साफ सफाई में बड़ी धांधली की शिकायत के बाद ग्राम प्रधान के भष्ट्राचार की जांच व देखरेख करने डीपीआरओ गांव पहुँचे शौचालय की रिपेयरिंग सफाई व पुताई नही हुई जगह जगह गंदगी का अंबार लगा है सामूदायिक शौचालय भी ध्वस्त मिला अंधेर तो तब हो गई जब सामुदायिक शौचालय में पानी की टोटी नहीं मिली है जल व्यवस्था नहीं मिली स्वच्छता नहीं दिखा जनता के उपयोग के सफाई के सोप व सैम्पू नहीं मिले कर्मचारी नही है आने जाने के रास्ते में सफाई नही है आखिर योगी सरकार के स्वच्छता अभियान का आदेश कहा गया झूठे तरीके से जिले को खुले में शौच मुक्त घोषित कर सैकड़ो करोड़ की रकम अधिकारी और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने मिलकर बंदरबाट कर ली है इस भ्रष्टाचार की आखिर योगी सरकार कब जांच कराएगी और फर्जी तरीके से खुले में शौच मुक्त घोषित करने वालों को गिरफ्तार करके योगी सरकार कब जेल भेजेगी जनता इसका जवाब चाहती है आखिर कैसे जांच व निगरानी अधिकारी लापरवाह हो सकतें है।

# डॉ अख़्तर हसन रिजवी डिग्री कॉलेज में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**350 छात्र छात्राओं में 184 छात्र छात्राओं का चुना, ईमेल के जरिए से सेलेकशन की दी जाएगी सूचना**



**कौशाम्बी** करारी कस्बा स्थित डॉ ए.एच.रिजवी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेश सक्सेना ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की।इस रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश के बाहर से तीन कंपनियां जिसमे पाली मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा, ध्रुव ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र एवम जे.एस.डब्लू.स्टील कर्नाटक ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष एवम सेवा योजन प्लेसमेंट प्रभारी, विनोद कुमार सिंह ने रोजगार पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की। रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत टीपीओ डॉ मदन मोहन मिश्र एवम टीपीओ अवधेश कुमार मिश्र ने इंटरव्यू प्रारंभ किया।इसमें छात्र छात्राओं की न्यूनतम क्वालिफिकेशन इंटरमीडिएट थी एवम उम्र भी 18 से 32 वर्ष तक रखी गई थी।इस रोजगार मेले में प्लेसमेंट प्रभारी आईटीआई, विनय कुमार सिंह,कैरियर काउंसलर, सौरभ कुमार,एवम एच.आर भर्ती अधिकारी श,प्रताप सिंह,सतीश कुमार मिश्र मौजूद थे।इस कार्यक्रम में स्प्रिगफील्ड प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र पाण्डेय, इंजीनियरिंग रजिस्टार ,सरताज आलम, इंजीनियरिंग डायरेक्टर डॉ इश्तियाक अहमद,लॉ कालेज प्राचार्य डॉ शमीम अहमद आलोक श्रीवास्तव आदि ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया। सम्मेलन कक्ष में डॉ मुकुंद देव द्विवेदी,डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा, डॉ शैला भारती,श्रीमती रश्मि सिंह आदि मौजूद थी इस कार्यक्रम में कुल 184 छात्र छात्राओं ने इंटर ब्यू दिया जिसका रिजल्ट 31 अगस्त को मेल या मैसेज के द्वारा छात्र छात्राओं को बताया जाएगा की कितने छात्र छात्राओं का चयन हुआ।डॉ रिजवी एजुकेशनल कैंपस में ऐसी पहल पहली बार देखने को मिली की सिर्फ यह संस्थान पढ़ाई ही नही करवाता बल्कि छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट भी करवाता है।इस मौके पर सुनील कुमार अग्रहरी, गुलनाज नकवी, राजेंद्र कुमार,आनंद गुप्ता,कुमारी समीरा बानो,समर अब्बास आदि शिक्षक गण मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### रिजवी कालेज में तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ



**कौशाम्बी।** डॉ रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल करारी में भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार रहे। मुख्य अतिथि महोदय ने कार्यक्रम आरंभ से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया । श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू यादव ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया । कार्यक्रम में स्काउट मास्टर शैलेन्द्र सिंह, गाइड कैप्टन नीलम सिंह आदि मौजूद रहे जो बच्चों को स्काउट और गाइड के विषय जानकारी प्रदानकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट के द्वारा किया गया।

### पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्र का डीएम एसपी ने किया भ्रमण




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्रों करारी इंटर कॉलेज एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज का भ्रमण कर जायजा लिया गया। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में बनाये गये कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया, सभी व्यवस्थायें सुचारू होने के साथ ही परीक्षा शान्तिपूर्वक संपन्न हुई।

### देवर देवरानी ने डीजल छिड़क कर भाभी को जलाने का किया प्रयास

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहबनपुर निवासी अर्शिया बेगम पत्नी मोइन उद्दीन अपने पति के साथ कानपुर में रहती है और जब गांव आती है तो उसके देवर देवरानी उससे विवाद करते हैं महिला का कहना है कि शुक्रवार को देवर आलम व देवरानी रोशनी बेगम ने डीजल डालकर जान से मारने का प्रयास किया।महिला का कहना है कि कानपुर से जब अपने गांव के घर में आकर रहती हूं तो देवर देवरानी मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट करते है इसके पहले भी मामले की शिकायत थाने में की गई थी दोनों पक्ष को सुलह समझौता करा कर थाने से भेज दिया गया शुक्रवार को दोनो के बीच फिर कहा सुनी हुई देवर और देवरानी ने महिला को मारा पीटा जब महिला ने विरोध किया तो उसके ऊपर डीजल डालकर जलाने का प्रयास किया किसी प्रकार बीच बचाव कर महिला की ननंद ने उसे भगा दिया अपनी जान बचाकर महिला पुलिस थाना पहुँची शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

### रोजगार मेले का विशाल आयोजन 03 सितम्बर को

**कौशाम्बी** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 03 सितम्बर 2024 को इफको पार्क, फूलपुर, प्रयागराज में मण्डल स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 50 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा 5000 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में जनपद कौशाम्बी के बेरोजगार युवक व युवतियां भी पोर्टल पर पंजीकरण करते हुये प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं। रोजगार मेले में चयनित लाभार्थियों को माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री योगी आदित्य नाथ जी के कर कमलों से नियुक्ति-पत्र वितरण किया जायेंगा।

### स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद हेतु 15 सितम्बर तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रभारी सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जनपद कौशाम्बी सहित 20 जिलों में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 निर्धारित है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी की वेबसाइट पर सम्पर्क कर सकते है।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण में अधिवक्ताओं का किया चयन

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के निदेशानुसार गरीब, निर्धन, असहाय व्यक्तियों के कारागार में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत मुख्यालय स्तर पर 10 और प्रत्येक तहसील स्तर पर 5-5 अधिवक्ताओं का चयन गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। मुख्यालय स्तर पर अधिवक्तागण उपेन्द्र नाथ शुल्क्ला राजेश कुमार शुक्ल विकास कुमार शुक्ला शुभेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अजय सिंह पंकज शुक्ला दीप नारायण तिवारी अजमेरी लाल धुरिया, श्रीमती अंशू त्रिपाठी एवं श्रीमती पूनम द्विवेदी का चयन गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया हैं। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में अधिवक्तागण-मो0 शरीफ हेमन्त कुमार जौहरी हरीश मिश्रा दया शंकर त्रिपाठी एवं अनिल कुमार द्विवेदी का चयन गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। तहसील चायल में अधिवक्तागण सुधीर कुमार मिश्र सगीर अहमद रामराज जय नारायण सिंह एवं प्रदीप कुमार तथा तहसील सिराथू में अधिवक्तागण शिव मूरत प्रजापति अतुल कुमार श्रीवास्तव, जयदीप कुमार पाण्डेय बृजेश कान्त शुक्ला एवं श्रीमती अंजुम आरा का चयन गठित समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने देते हुए बताया कि चयनित पैनल अधिवक्ता की वैधता 03 वर्ष के लिए है, चयनित पैनल अधिवक्ता को उ0प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के संस्तुति उपरान्त, कायार्नुसार मानदेय दिया जायेंगा।

# सैकड़ो करोड़ की बेनामी संपत्ति एकत्रित करने वाले बहुरुपिए डॉक्टर ने कौशाम्बी में जमाया डेरा

**अखंड भारत संदेश**

**मरीजो को झुनझुना रूपी लॉलीपॉप देकर उन्हें लूटने की बड़ी योजना डॉक्टर एन्ड कम्पनी ने बनाई**

**कौशाम्बी।** मरीजो का ऑपरेशन करके बीते 20 वर्षो से कौशाम्बी क्षेत्र के मरीजो का पड़ोसी जनपद में इलाज करने के बाद सैकड़ो करोड़ की बेनामी संपत्ति एकत्रित करने वाले एक बहुरुपिए डॉक्टर ने कौशांबी की धरती में भी डेरा जमा लिया है मरीज के इलाज के नाम पर उनका खून चूसा जा रहा है अब तो एक चर्चित महिला के सहारे कौशाम्बी के मरीजो के बीच में अपनी पकड़ और मजबूत बनाने की कोशिश शुरू कर दी है। मरीजो को हलाल का बकरा समझने वाले इस डॉक्टर ने कुछ महीने से कौशाम्बी के मरीजो के सामने चारा फेकना शुरू कर दिया है बीते दो महीने से कौशाम्बी के प्रमुख मार्ग में मरीजो को झुनझुना रूपी लॉलीपॉप देकर उन्हें लूटने की बड़ी योजना डॉक्टर एन्ड कम्पनी ने बनाई गई है इस बहुरुपिए डॉक्टर की कुत्सित चाल मरीज और उनके परिजन नही समझ पा रहे है इस शातिर डॉक्टर ने मरीजो को लूटने के लिए दर्जनों लोगों को बड़ी लालच देकर अपने कार्यो में शामिल किया है जो डॉक्टर का गुणगान कर रहे है इस डॉक्टर के कृत्यों के चलते 18 वर्ष पहले मूरतगंज क्षेत्र में पुलिस ने इस डॉक्टर के इज्जत की जमकर बखिया उधेड़ी थी लेकिन डॉक्टर के नोट की गड्डियों के आगे तत्कालीन थानेदार ज्यादा देर तक टिक नही सके और तत्कालीन थानेदार ने डॉक्टर के गुनाहों को माफ कर दिया था हालांकि उस वक्त इस डॉक्टर का जितना मान मर्दन पुलिस ने कर दिया था कम नही था इस चर्चित डॉक्टर ने बीस वर्षों में सैकड़ो करोड़ की बेनामी अकूत सम्पत्ति अर्जित कर पूरे चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है डॉक्टर के कारनामों की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है जिससे अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले डॉक्टर का चेहरा बेनकाब हो सके सैकड़ो करोड़ एकत्रित करने वाले डॉक्टर की अकूत सम्पत्ति की स्वतंत्र एजेंसी से जांच करा कर डॉक्टर के कारनामो को बेनकाब कर सच्चाई जनता के सामने लाने के लिए समाज के लोगो ने सूबे के मुख्यमंत्री से मांग की है यदि मुख्यमंत्री की टीम ने निष्पक्ष तरीके से जांच की तो जल्द ही इस डॉक्टर का चेहरा बेनकाब होगा।

### नहर के पानी में डूबने से युवती की मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा के वार्ड मसूरिया दीन नगर निवासी एक महिला की नहर के पानी में डूबने से मौत हो गई रास्ते से जा रहे राहगीरों की नजर पानी में उतराते हुए शव पर पड़ी तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने पानी में उतरा रहे महिला के शव को बाहर निकाल कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं महिला की मौत की खबर जैसे ही उसके परिवार जनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा वार्ड मसूरिया दीन निवासी भैया लाल की पुत्री सरोज देवी उम्र 26 वर्ष गुरुवार की शाम जानवरों के लिए खेत की तरफ घास काटने गई थी बताते हैं कि घास काटने के बाद वापस घर आ रही थी तभी बड़ी नहर पटरी के पास अचानक इसका पैर फिसल गया जिससे वह नहर के गहरे पानी में जा गिरी और डूबने से उसकी मौत हो गई रास्ते से जा रहे राहगीरों की नजर नहर के पानी में उतराते हुए युवती पर पड़ी तो शोर मचाने लगे इसी बीच वहां लोगों का मजमा लग गया मौके में मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। मौके में पहुंची पुलिस ने पानी में उतरा रहे युवती के शव को बाहर निकाल कर उसकी पहचान भैया लाल के पुत्री के रूप में की गई सूचना मिलते ही मृतक महिला के माता-पिता व परिजन रोते बिलखते पहुंच गए परिजनों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पंचायत सचिब ने व्यक्तिगत लाभ दे कर लाखों के सरकारी रकम का किया दुरूपयोग

**अखंड भारत संदेश**

**दोषी पंचायत सचिव को बचाने वाले पर भी हो सकती है निलंबन की कार्यवाही,स्टाम्प वेंडर ने नहीं बेचा स्टाम्प फिर भी बन गया हलफनामा**

**कौशाम्बी।** जपनद मुख्यालय मंझनपुर के विकास खण्ड मंझनपुर के अम्बावा पश्चिम गांव मे पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने व्यक्तिगत लाभ देकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है मामले की कई बार अधिकारियों से शिकायत हुई जांच में तमाम हेरा फेरी उजागर हुई लेकिन उसके बाद अभी तक सरकारी रकम की वसूली दोषी पंचायत सचिव से नहीं हुई है दोषी पंचायत सचिव को बचाने का प्रयास खंड विकास अधिकारी कार्यालय के जिम्मेदारों द्वारा लगातार किया जा रहा है मंगलवार को फिर शिकायतकर्ता ने जिला अधिकारी को संपूर्ण प्रकरण बताते हुए सरकारी रकम की वसूली कराए जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक अम्बावा पश्चिम गांव के पशुपति नाथ के निजी भूमि गाटा संख्या 209 मे इंटर लाकिंग व नाली का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने लाखो की सरकारी रकम खर्च कर के कराया है जिसकी शिकायत कई महीने पहले ग्रामीणों द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सहित एडीओ पंचायत व ग्राम विकास विभाग के अन्य उच्च जिम्मेदार अधिकारियो से की थी जिसकी जाँच ग्राम विकास विभाग के अधिकारियो द्वारा की गयी है जिसकी प्रथम जाँच खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर द्वारा की गयी जिन्होंने अपनी जाँच रिपोर्ट आख्या मे निजी कृषि भूमि संख्या 209 को सार्वजनिक यानी आम रास्ता होने की पुष्टि की हैं और अपने जाँच रिपोर्ट के साथ एक हलफनामा भी दिया है जिस हलफनामे मे कृषि भूमि को ग्राम प्रधान अम्बावा पश्चिम को दे कर सार्वजनिक का दावा किया हैं जिस पर भूमिधर स्वामी पशुपति नाथ का बाउंड्रीवाल सहित पूर्ण रूप से कब्जा बरकरार है जो हलफनामे मे किये गये दावे को छूठा साबित कर रहा है जब ग्रामीणों को जाँच अधिकारियों की कार्यशैली पर संदेह हुआ तो ग्रामीणों ने जनसूचना अधिकार के तहत हलफनामे की सम्पूर्ण प्रमाणित छाया प्रति की मांग की जो झूठा साबित हुआ। हलफनामे से स्पष्ट हुआ कि सार्वजनिक का दावा करने वाला हलफनामा जिस तिथि को खरीदे जाने की पुष्टि कर रहा है वह उस तिथि को स्टाम्प बेंडर ने कोई भी स्टाम्प बेचा ही नहीं है जिससे यह समझ मे आ रहा है की ग्राम विकास अधिकारी ने अधिकारियों को भी गुमराह कर अपने कारनामों पर पर्दा डालने का प्रयास किया है और सरकार के लाखो रुपये का दुरूपयोग किया है जिसकी भरपाई दोषी पंचायत सचिव ग्राम प्रधान से कराए जाने की जरूरत है लेकिन सरकारी रकम दुरुपयोग के मामले में कई महीने बीत जाने के बाद भी सरकारी रकम की वसूली भू राजस्व की भांति पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान से अभी तक नहीं कराई गई है दोषियों को बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है मामले को लेकर जिला अधिकारी से फिर मंगलवार को शिकायत हुई है इस मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो जहां ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पर बड़ी कार्रवाई होगी वहीं पंचायत सचिव का निलंबन होना तय है लेकिन पंचायत सचिव को निलंबित कर रकम की वसूली कराए जाने के बजाय दोषी पंचायत सचिव को बार-बार बचाने का पूरा प्रयास खंड विकास अधिकारी कार्यालय के जिम्मेदारों द्वारा किया जा रहा है जिससे सरकारी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर दोषी को बचाने वाले खंड विकास अधिकारी कार्यालय के जिम्मेदारों का क्या निजी स्वार्थ छिपा है यह एक अलग जांच का विषय है और इस मामले में भी निष्पक्ष तरीके से जांच हुई तो दोषी पंचायत सचिव को बचाने वाले पर भी निलंबन की कार्यवाही हो सकती है।

# उचित दर दुकानों से कार्डधारक अपना ई-केवाईसी करायें

**कौशाम्बी।** जिलापूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया कि राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस मे सीडेड आधार नम्बर का समुचित वैलिडेशन नहीं हो पाने के कारण पात्र/अपात्र लाभार्थियों की पहचान तथा आधार ऑथेन्टिकेशन से खाद्यान्न वितरण में आने वाली समस्याओं के निस्तारण ई-केवाईसी द्वारा किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए राशनकार्ड के समस्त सदस्यों का सहयोग नितान्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी का कार्य ई-पॉस के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं के सहयोग से निःशुल्क कराया जाएगा। लाभार्थी अपनी निकटतम किसी भी उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी के लिए लाभार्थियों का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन किया जाएगा। ई-केवाईसी के साथ इस विकल्प के अन्तर्गत राशनकार्ड से मोबाइल नम्बर जोड़े जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिसका उपयोग राशनकार्ड मुखिया द्वारा करते हुए मोबाइल नम्बर फीड/संशोधित किया जा सकेंगा। इस मोबाइल नम्बर पर कार्ड पर प्राप्त होने वाले राशन का विवरण एस0एम0एस0 द्वारा प्राप्त होगा। यदि किसी राशनकार्ड में मुखिया से परिजन का सम्बन्ध गलत प्रदर्शित है, तो उसे भी सुधारा जा सकेंगा। इस संशोधन का अधिकार भी केवल राशनकार्ड के मुखिया को होगा। अन्य सभी राशनकार्ड सदस्यों को मात्र ई-केवाईसी ही करना होगा। जिलापूर्ति अधिकारी ने सभी राशनकार्ड परिवार से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग उचित दर दुकानों में पहुँचकर अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

### 6 दिन से गायब युवक का नहीं लगा सुराग

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेगाई गांव का सचिन उम्र 21 वर्ष लगभग 24 अगस्त को घर से बकरी चराने को कह कर निकला था लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं मामले की सूचना परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को दी है परिवार के लोगों को आशंका जताई है कि उसके साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है इस बात से परिवार के लोग चिंतित हैं परिवार के लोगों का कहना है कि उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं रहता था प्रयागराज के अस्पताल में इलाज चल रहा था।

## सम्पादकीय

### शिबू सोरेन के साथी चंपई सोरेन भगवा पटका पहनने को तैयार

**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापकों में से एक, शिबू सोरेन के साथी चंपई सोरेन भगवा पटका पहनने को तैयार हो चुके हैं। मंगलवार को चंपई सोरेन ने इस बात की पुष्टि कर दी कि वे भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। इसके बाद चंपई सोरेन का एक ट्वीट आया है, जिससे यह जाहिर हो रहा है कि श्री सोरेन अब पूरी तरह से भाजपा के खेमे में जा चुके हैं। चंपई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि आज बाबा तिलका मांझी और सिदो-कान्हू की पावन भूमि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि जिन वीरों ने जल, जंगल व जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की, आज उनके वंशजों की जमीनों पर ये घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। इनकी वजह से फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों व बेटियों की अस्मत खतरे में है।

चंपई सोरेन ने इस लंबे ट्वीट में लिखा कि आदिवासियों एवं मूलवासियों को आर्थिक तथा सामाजिक तौर पर तेजी से नुकसान पहुंचा रहे इन घुसपैठियों को अगर रोका नहीं गया, तो संथाल परगना में हमारे समाज का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। पाकुड़, राजमहल समेत कई अन्य क्षेत्रों में उनकी संख्या आदिवासियों से ज्यादा हो गई है। राजनीति से इतर, हमें इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पाएगा। चंपई सोरेन ने आगे लिखा है कि आदिवासियों के मुद्दे पर सिर्फ भाजपा ही गंभीर दिखती है और बाकी पार्टियां वोटों की खातिर इसे नजरअंदाज कर रही है। इसलिए आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को बचाने के इस संघर्ष में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है।

यानी जो बात घुसपैठ की समस्या और आदिवासियों की अस्मत से शुरू हुई थी, वो आखिर में इस बिंदु पर आकर खत्म हुई कि क्यों भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का उनका फैसला सही था। राजनीति में यह पहला दल बदल नहीं है,

जिस पर अब आश्चर्य हो। इसलिए श्री सोरेन इतना स्पष्टीकरण नहीं भी देते तो कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन राजनीति की जिस पृष्ठभूमि से चंपई सोरेन आए हैं, उसमें वे शायद खुद भी अब तक भाजपा में अपने प्रवेश को लेकर सहज नहीं हुए हैं। दरअसल पिछले 10-15 दिनों से झारखंड में यह हलचल रही थी कि चंपई सोरेन किस तरह अपनी नाराजगी को जाहिर करेंगे। जब हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले में आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया था, उस वक्त गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देकर हेमंत सोरेन ने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया था, ताकि भाजपा को सत्ता हथियाने का मौका न मिले। हेमंत सोरेन की यह रणनीति काम कर गई और चंपई सोरेन ने सदन में विश्वासमत भी हासिल कर लिया।

# राज्य सभा के बहुमत से क्या फर्क पड़ेगा

– अरविन्द मोहन

**यह मात्र** संयोग नहीं है कि जिस दिन भाजपा को राज्य सभा में मोदी-युग का सबसे बड़ा आंकड़ा हासिल हुआ उससे दो दिन पहले एनडीए में और सरकार में साझीदार लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने जातिगत जनगणना की मांग कर दी। इस बात की चर्चा एकमात्र सांसद वाले दल के नेता जीतन राम मांझी जैसे लोग भी हल्के-फुल्के ढंग से उठाते रहे थे लेकिन चिराग के कहने का तत्काल बड़ा असर हुआ।

**यह विडंबना ही है कि जब शासन और संसदीय कामकाज में भाजपा और नरेंद्र मोदी के इकबाल को चुनौतियां मिलनी शुरू हुई हैं**



यह विडंबना ही है कि जब शासन और संसदीय कामकाज में भाजपा और नरेंद्र मोदी के इकबाल को चुनौतियां मिलनी शुरू हुई हैं तब राज्य सभा में भाजपा को पहली बार बहुमत मिलने का दावा किया जाने लगा है। लोक सभा चुनाव में (ज्यादातर) राज्य सभा सदस्यों द्वारा जीत हासिल करने से खाली हुए 12 जगहों के उपचुनाव में भाजपा ने नौ स्थान जीते हैं और एनडीए के साथियों ने दो स्थान जीते हैं। हम जानते हैं कि राज्य सभा सदस्यों का चुनाव विधायक करते हैं और अभी ज्यादातर राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार है। 245 सदस्यों वाले सदन में अब भाजपा के 96 सदस्य हो गए हैं और एनडीए के उसके सहयोगी दलों के सदस्यों, दो निर्दलीय और छह मनोनीत सदस्यों को लेकर अब उसके खेमे में 119 सदस्य गिने जा सकते हैं। अभी भी मनोनीत सदस्यों की चार जगहें और जम्मू-कश्मीर के चार स्थान खाली हैं और बैठे-ठाले गणित लगाने वालों का अनुमान है कि भाजपा का खेमा 125 तक पहुंच सकता है और अगर जम्मू-कश्मीर वाली गिनती को फिलहाल छोड़ भी दें तो 241 सदस्यों में भाजपा खेमा आराम से 123 तक पहुंच जाएगा। आजकल मनोनीत का मतलब भी शासक दल का सदस्य ही हो गया है। भाजपा के लिए यह स्थिति 2014 के बाद पहली बार बनी है।

अब यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि मोदी का प्रताप गिरने की शुरूआत होने पर इस स्थिति के आने का भी बहुत मतलब है। लेकिन जिस विधायी कामकाज के लिए राज्य सभा में बहुमत होना जरूरी होता है उसमें नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा के एजेंडे वाले काफी काम पहले अटके भी हैं। सबसे पहला झटका तो भूमि अधिग्रहण कानून और श्रम कानूनों में बदलाव के समय ही लगा और हारकर केंद्र ने इसे राज्यों के हवाले कर दिया कि वे अपनी-अपनी मर्जी से और अपनी जरूरत के हिसाब से कानून बनाए। कृषि से संबंधित तीन कानून पास भी हुए, और उसमें की 'न्यूट्रल' दलों का समर्थन लिया गया पर उस पर किसान आंदोलन और फिर उत्तर प्रदेश चुनाव की जरूरत ने पानी फेर दिया। बीजद और वाइएसआर कांग्रेस के साथ कई बार तेलंगाना राज्य समिति भी अपने 'न्यूट्रल' स्टैंड को छोड़कर भाजपा को समर्थन देती रही है। कई और दल भी खास रणनीति से सदन से गायब होकर बिल पास कराने में मदद करते थे। अब तेलंगाना राज्य से भारत देशम बने चंद्रशेखर राव की पार्टी का तो अस्तित्व संकट में है लेकिन बीजद और वाइएसआर कांग्रेस विरोध में आ गए हैं, भले उनकी शक्ति कम हुई हो।

दूसरी ओर कई बार 'धोखा' खाने के बाद नामी वकील अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से राज्य सभा में पहुंचे है। कांग्रेस को वैसे तो यह एकमात्र सीट मिली है लेकिन इसने राज्य सभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 27 तक पहुंचा दी है। इससे उनका राजनैतिक पुनर्वास तो हुआ ही है कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सदन में विपक्ष के नेता पद पर निश्चिंत हो गए हैं। अभी तक कांग्रेस के 26 सदस्य ही थे और विपक्ष का नेता बनने के लिए 25 सीटों की जरूरत होती है। जिस रफ्तार से भाजपा दल बदल और तोड़-फोड़ करती रही है उसमें खड़गे जी की कुर्सी छीनना बहुत मुश्किल न था। पिछली लोक सभा में जिस तरह राहुल गांधी और महुआ मोइत्रा की सदस्यता छीनी गई और डेढ़ सौ से ज्यादा सांसदों को निलंबित किया गया उसमें यह खतरा रोज मंडरा रहा था।

लेकिन यह मात्र संयोग नहीं है कि जिस दिन भाजपा को राज्य सभा में मोदी-युग का सबसे बड़ा आंकड़ा हासिल हुआ उससे दो दिन पहले एनडीए में और सरकार में साझीदार लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने जातिगत जनगणना की मांग कर दी। इस बात की चर्चा एकमात्र सांसद वाले दल के नेता जीतन राम मांझी जैसे लोग भी हल्के-फुल्के ढंग से उठाते रहे थे लेकिन चिराग के कहने का तत्काल बड़ा असर हुआ। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा इस सवाल को राजनीति के केंद्र में ला देने के बाद भी अभी तक भाजपा इसके पक्ष में नहीं दिखती है। वह इसे राहुल के पिच पर खेलना मानती है। लेकिन चिराग जैसे सहयोगियों और महाराष्ट्र (जहां जल्दी ही चुनाव होने वाले हैं) के अपने की नेताओं की मांग को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। पार्टी ने ऐसे ही दबाव में (जिसमें मुख्य दबाव राहुल का था तो एनडीए के साथियों की तरफ से भी बयानबाजी शुरू हुई) बड़े सरकारी पदों पर सीधी भर्ती का अपना विज्ञापन वापस लेना पड़ा। अब सरकारी पक्ष जो कहे लेकिन इसका राजनैतिक श्रेय राहुल और इंडिया गठबंधन के नेता ही ले रहे हैं। सरकार ने इसी तरह कैबिनेट की आपात बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर बनाने और उसका श्रेणीकरण करने संबंधी फैसले के खिलाफ अपील करने का फैसला किया। यह सवाल दलित समूहों में तो सुगबुगाहट ला रहा था लेकिन राहुल या किसी बड़ी विरोधी नेता ने अदालती फैसले को गलत नहीं कहा था। उलटे तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तो इसके पक्ष में बोलते दिखे। राहुल के सलाहकारों में एक योगेंद्र यादव ने भी खुलकर आदालती फैसले का समर्थन किया। इनसे बड़े-बड़े मामलों में सरकार थरार्ती और कांपती दिख रही है। ब्राडकास्ट विधेयक तो बड़ी तैयारी से लाया गया था, अब उसे ठंढे बस्ते में डाल दिया गया। कांग्रेसी साईं पित्रोदा द्वारा वेल्थ टैक्स का सवाल उठाने का विरोध करने के बाद सरकार ने बजट में लगभग वही कर ला दिया। जैसे ही विरोध हुआ, उसमें बदलाव कर दिया गया। ओल्ड पेंशन स्कीम को नए नाम से वापस लाया गया है। सबसे चर्चित मामला वक्फ बोर्ड संबंधी कानून का था जिसे काफी तैयारी से लाया गया था और जो भाजपा की राजनीति के अनुकू ल माना जाता था। पर जैसे ही चर्चा चली जदयू और तेलुगु देशम पार्टी समेत की तरफ से दबाव आने लगे और यह बिल भी लटका दिया गया। बजट पर मोदी सरकार को समर्थन दे रहे दो दलों की राज्य सरकारों पर धन की बरसात करना भी राजनैतिक मुद्दा बना। मुश्किल यह है कि तीसरे टर्म की शुरूआत में नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे जैसे सहयोगियों के बल पर जिस तरह भाजपा को भी जेब में रखा दिखाया (उनको भाजपा संसदीय दल का नेता चुनने की जगह एनडीए का नेता ही चुना गया) अब वही सहयोगी आंख दिखाने लगे हैं ऐसे में लोक सभा के साथ राज्य सभा में भी बहुमत आ जाए तो क्या फर्क पड़ेगा।

# राज्यपाल न बनें सत्तारुढ़ पार्टी के एजेंट

– डॉ. ज्ञान पाठक

**यह एक** सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष शासित राज्यों में शत्रुतापूर्ण राज्यपालों का उपयोग करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभी विपक्ष शासित राज्यों ने पहले ही अपने राज्यपालों के उनके प्रति शत्रुतापूर्ण और बाधा डालने वाले व्यवहार के बारे में शिकायत की है। दिल्ली, तमिलनाडु और केरल के मामले में तो मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक भी गया, जिसने राज्यपालों के खिलाफ बहुत प्रतिकूल टिप्पणी की। पिछले साल नवंबर में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा चुनी हुई सरकार के समक्ष बाधा डालने वाले व्यवहार का उल्लेख किया था, तथा इसे 'गंभीर चिंता का विषय' कहा था।



दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के बीच लोकतांत्रिक तालमेल पिछले दस वर्षों में टूट गया है, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 28 अगस्त को इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अपने विचार लेख में स्वीकार किया है। वास्तव में दिल्ली ही नहीं, यह उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद तथ्य की अभिव्यक्ति मात्र है, जहां

विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन शासन करते हैं, और जहां राज्यपालों या उपराज्यपालों एवं मुख्यमंत्रियों के बीच सम्बंध भारत के संविधान की परिकल्पना के अनुरूप लोकतांत्रिक नहीं रह गये हैं।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लिखा, 'कहीं न कहीं, यह लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया है। आज, निर्वाचित सरकार हर दूसरी प्रशासनिक एजेंसी के प्रति सकारात्मक रूप से शत्रुतापूर्ण है।' उन्होंने अपनी ही सरकार के बारे में आगे कहा, 'मुख्यमंत्री न्यायिक हिरासत में हैं। नागरिक बंधक हैं। शासन व्यवस्था में गिरावट आ रही है, क्योंकि मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस में व्यस्त हैं, जबकि असली आम आदमी (शाब्दिक रूप से आम लोग, लेकिन आम आदमी पार्टी के संदर्भ में इस्तेमाल किया गया है, जो निर्वाचित सरकार का नेतृत्व करते हैं)गुमसुम होकर दुख पा रहे हैं। आत्मनिरीक्षण और सुधार का सही समय आ गया है।'

यह वास्तव में आत्मनिरीक्षण और सुधार का सही समय है, जो पिछले 10 वर्षों में विकसित हुआ है, जिसके लिए एलजी वीके सक्सेना दिल्ली की निर्वाचित सरकार को दोषी ठहराते हैं। यह आरोप केवल आंशिक रूप से ही सही हो सकता है, क्योंकि वह स्वयं संशोधित एनसीटी दिल्ली अधिनियम 2021 के तहत दिल्ली के प्रशासक हैं, जिनके पास पूर्ण शक्ति है, और दिल्ली में सरकार का मतलब एलजी है, निर्वाचित मुख्यमंत्री नहीं। उनके पास अधिकारियों पर वास्तविक शक्ति है, और यदि उनके अधिकारी ठीक से काम नहीं करते हैं, तो उन्हें पूरी तरह से निर्वाचित सरकार पर दोष मढ़ने के बजाय शालीनता से दोष अपने ऊपर भी लेना चाहिए।

जब एलजी वीके सक्सेना कहते हैं कि 'आत्मनिरीक्षण और सुधार के लिए यह सही समय है' तो इसका मतलब यह है कि वे खुद को और केंद्र में बैठे उन लोगों को छोड़कर बोल रहे हैं, जिन्होंने उन्हें उपराज्यपाल के पद पर नियुक्त करके दिल्ली का प्रशासक बनाया है। वे '10 साल पहले' की अवधि के बारे में बात करते हैं और आम आदमी पार्टी (आप) के शासन को दिल्ली में गिरावट का कारण बताते हैं।

किसी को अब अटकल लगाने की जरूरत नहीं क्योंकि उनका यह कथन स्पष्ट रूप से राजनीतिक है। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने खुद को संवैधानिक प्रमुख से घटाकर पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की सत्ताधारी सरकार का एजेंट बना लिया है, जो पिछले 10 सालों से देश पर शासन कर रही है। यह ठीक वही अवधि है, जिसके दौरान दिल्ली में गिरावट आई, जिसे उन्होंने 'लोकतांत्रिक सम्बंध के टूटने' के रूप में संक्षेप में प्रस्तुत किया है, परन्तु आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर दोष मढ़ते हुए।

एलजी ने लोकतांत्रिक सम्बंध के टूटने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया है, जो विपक्षी राजनीतिक दलों के आरोपों के बिल्कुल विपरीत है। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का पतन हो गया है, जिसमें राज्यों के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल भी शामिल हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा इस्तेमाल किया गया 'लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया' वाक्यांश सिर्फ इस बात की याद दिलाता है कि कैसे संवैधानिक रूप से प्रदान किया गया 'संघीय ढांचा टूट गया है' न केवल दिल्ली में बल्कि मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों में सभी विपक्षी शासित राज्यों में।

चूंकि राज्यपाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के राजनीतिक एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में व्यवहार करना चाहिए था, इसलिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना जिस आत्मनिरीक्षण और सुधार की बात करते हैं, वह सिर्फ विपक्षी राजनीतिक दलों और उनकी चुनी हुई सरकारों तक ही सीमित नहीं है। सभी उपराज्यपालों, राज्यपालों और केंद्र में सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और खुद को सुधारना चाहिए। उपराज्यपाल द्वारा संवैधानिक पद के पीछे से भाजपा की ओर से राजनीति करना, खासकर ऐसे समय में जब दिल्ली में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं, एक चिंताजनक घटनाक्रम है।

27 अगस्त को भी पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भाजपा की ओर से राजनीति की। गौरतलब है कि कोलकाता में डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुद्दे पर भाजपा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ आंदोलन चला रही है। राज्यपाल बोस ने कहा कि राज्य सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को दबा नहीं सकती। प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के बारे में बोस ने कहा, 'यह जानलेवा खेल बंद करो।' उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई ने 'राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय भावनाओं और राष्ट्र का अपमान किया है,' और कहा, 'कोलकाता की सड़कों पर हमने जो देखा वह सबसे खराब स्थिति थी, जिसकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार से उम्मीद नहीं थी।' इससे पश्चिम बंगाल में भाजपा की ओर से राजनीति की बू आती है। वैसे राज्य में राज्यपाल और राज्य में निर्वाचित टीएमसी सरकार के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है।

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष शासित राज्यों में शत्रुतापूर्ण राज्यपालों का उपयोग करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। सभी विपक्ष शासित राज्यों ने पहले ही अपने राज्यपालों के उनके प्रति शत्रुतापूर्ण और बाधा डालने वाले व्यवहार के बारे में शिकायत की है। दिल्ली, तमिलनाडु और केरल के मामले में तो मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय तक भी गया, जिसने राज्यपालों के खिलाफ बहुत प्रतिकूल टिप्पणी की। पिछले साल नवंबर में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा चुनी हुई सरकार के समक्ष बाधा डालने वाले व्यवहार का उल्लेख किया था, तथा इसे 'गंभीर चिंता का विषय' कहा था। तमिलनाडु सरकार ने शिकायत की थी कि राज्यपाल राज्य विधानसभा द्वारा पारित 12 विधेयकों पर बैठे हैं, जिनमें से कुछ 2020 के हैं।

पिछले साल तेलंगाना, पंजाब और केरल ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और आरोप लगाया था कि राज्यपाल विधायी और कार्यपालिका के कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में ही सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति करने से रोक दिया था। दिल्ली सरकार भी हाल ही में एलजी के बाधा डालने वाले व्यवहार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई थी। 2022 में महाराष्ट्र में विपक्षी सरकार को गिराने में राज्यपाल की भूमिका की भी आलोचना की गई है। यह खुला रहस्य है कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने राज्यों में कई निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए राज्यपालों का इस्तेमाल किया है।

राज्यपालों को विपक्ष शासित राज्य सरकारों से निपटने में टकराव का रास्ता अपनाते देखा गया है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति जगदीप धनखड़ का अत्यधिक टकराव वाला रवैया इसका एक बड़ा उदाहरण है। तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्यपाल आरएन रवि पर भाजपा और आरएसएस की कठपुतली की तरह काम करने का आरोप लगाया था, जबकि संविधान में प्रावधान है कि राज्य के राज्यपालों से अपेक्षा की जाती है कि वे संवैधानिक प्रावधानों के संरक्षक के रूप में काम करें और केवल मंत्रिपरिषद की 'सहायता और सलाह' के अनुसार काम करें।

पीएम मोदी के राज्यपाल विपक्ष के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकारों से निपटने के लिए टकरावपूर्ण तरीके अपनाते पाये गये हैं। अगर च्लोकतांत्रिक सम्बंध टूट गया है' तो उसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी भी एलजी और राज्यपालों पर है, जिन्हें संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार काम करना चाहिए और भाजपा की ओर से राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद

उमेश चतुर्वेदी ।

**यूरोपीय** देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है।

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया।

नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस ह्यभारत छोड़ोह्न प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि ह्नभारत छोड़ोह्न का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया।

यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया।

बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। तकरीबन करीब दस लाख की आबादी सड़कों पर उतर आई। रेलवे लाइनें उखाड़ डाली गईं, थाने और तहसील लूट लिए गए। दिलचस्प यह है कि तब बलिया के कलेक्टर कोई अंग्रेज नहीं, भारतीय जगदीश्वर चंद्र निगम थे। लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि निगम को हारकर बलिया जेल में बंद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चित्तू पांडेय को छोड़ना पड़ा। 19 अगस्त के दिन बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया और चित्तू पांडेय उस सरकार के मुखिया बने, जबकि क्रांतिकारी महानंद मिश्र पुलिस प्रमुख। इस आजादी के बाद जिस व्यवस्था ने पांच-छह दिनों तक व्यवस्था चलाई, उसे ह्यसुराजी सरकारह्न नाम दिया गया था।

बलिया के साथ मिदिनापुर के तामलुक और महाराष्ट्र के सतारा में भी ऐसी ही देसी सरकारें बनीं। तीनों जगह पांच से लेकर हफ्तेभर में अंग्रेजी हुकूमत ने कब्जा कर लिया और उसके बाद जो दमन चक्र चला, सिहरन के साथ उसे याद करने वाली पीढ़ी भी अपनी उम्र पूरी करके दुनिया को विदा कह चुकी है। इसके बावजूद वह दमन बलिया के लोगों के रगों में आज भी दौड़ रहा है। ब्रिटिश 23 अगस्त की रात में संयुक्त प्रांत के ब्रिटिश गवर्नर हैलेट ने बनारस के कमिश्नर नेदर सोल को बलिया का प्रभारी जिलाधिकारी बना कर बलूच फौज के साथ भेजा..इसी दिन दोपहर में बक्सर की ओर से जलमार्ग से मार्क स्मिथ और 24 अगस्त की सुबह आजमगढ की ओर से कैप्टन मूर के नेतृत्व में ब्रिटिश फौज बलिया पहुंची और फिर वह बलिया में हिटलर की नाजी सेना बन गई। दमन के आगे निहत्थी जनता कितने दिन तक टिकती। बलिया का सत्ताहस्तांतरण खारिज करके उस पर ब्रिटेन का कब्जा कर लिया गया। हैलट ने ब्रिटिश भारत के सचिव को अगस्त 42 के आखिर में बलिया पर कब्जे का टेलीग्राम भेजा और बीबीसी ने इस पर खबर प्रसारित की।

बलिया की आजादी और हिंसा को लेकर सवाल भी उठाए गए। जाहिर है कि सवाल उठाने वाले ब्रिटिश सभ्यता पोषक ही थे। लेकिन अहिंसा के पुजारी गांधी ने उन सवालों को खारिज कर दिया था। उन्होंने बलिया की घटनाओं के लिए ब्रिटिश सरकार के दमन और अत्याचार को ही जिम्मेदार बताया था। अहमदनगर जेल से छूटते ही बलिया को लेकर जवाहर लाल नेहरू ने जो कहा था, वह भी अहम है। उन्होंने कहा था कि उस हालात में वे भी ऐसा ही करते, जैसा बलिया वालों ने किया।

इस घटना के दो दशक पहले असहयोग आंदोलन के दौरान भी बलिया पर ब्रिटिश सरकार के अत्याचार झेलने पड़े थे। गांधी जी को इसकी रिपोर्ट उनके सबसे छोटे बेटे देवदास गांधी ने भेजी थी, जिसके आधार पर गुजराती नवजीवन में गांधी जी ने बलिया पर लेख लिखा था। पूरी दुनिया बलिया को अक्खड़ बताती है, लेकिन इस लेख में गांधी जी बलिया वालों को सज्जन बताते हैं। 1925 में बलिया पहुंचे जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि वे बलिया की सरजमीं को चूम लेना चाहते हैं।

इतिहास को बदलने में इन घटनाओं की अहम भूमिका रही है। इनके चलते आंदोलनकारी इलाकों ने इतिहास ही नहीं, बाद के दौर में भी कीमत चुकाई है। यह कीमत कभी पिछड़ापन के रूप में दिखती है तो कभी मूल्यांकन की कमी के रूप में। इतिहास की खासियत है कि वह नए संदर्भों में फिर से नए सिरे से उठ खड़ा होता है।

# बन्दियों के बच्चों को खेलने की करें व्यवस्थाः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शुक्रवार को डीएम-एसपी ने महिला बैरक, अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने महिला बैरक निरीक्षण दौरान बन्द महिला कैदियों से खानपान व समस्या बाबत पूंछा। जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि बच्चों को झूला व खेलने को सामान की व्यवस्था करायें। उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण कर बन्द कैदियों से स्वास्थ्य लाभ व समस्या बाबत जानकारी ली। निर्देश दिये कि समय-समय पर बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि कैम्पस में सीसीटीवी कैमरे चलते रहना चाहिए। सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाये। उन्होंने जेल अधीक्षक से बन्दियों के भोजन-नाश्ता प्रतिदिन मेन्यू अनुसार देने के निर्देश दिये। कहा कि इसमें कोई धांधली नहीं होनी चाहिए। जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि कैंपस में बन्दी जो खेलना चाहते हैं, उन्हें उत्साहित करें। कोई समस्या हो तो उन्हें बतायें। निरीक्षण दौरान जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर राजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

## दूसरे चरण की पुलिस भर्ती परीक्षा का एसपी-एएसपी ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले में दूसरे चरण की पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रथम पाली परीक्षा दौरान परीक्षा केन्द्र जगद्गुरु रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया, गंगा प्रसाद इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारियों को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान सीओ मऊ जयकरन सिंह, पुलिस केन्द्र प्रभारी/पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने दूसरे चरण की पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने को प्रथम पाली परीक्षा दौरान परीक्षा केन्द्र जनसेवा इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारियों को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भ्रमण दौरान सीओ सिटी राजकमल, पुलिस केन्द्र प्रभारी आदि मौजूद रहे।



जायजा लेते एसपी।

### वन चौकी में मरम्मत के नाम पर हुई लूट

**मानिकपुर/चित्रकूट।** लाखों रुपये खर्च कर वन विभाग ने वन चौकी की मरम्मत कराई थी। मरम्मत बाद दीवार व छत में दरारें आ गईं। चौकी की बाहर से रंगाई-पुताई कर खानापूरी की गई थी। सरकारी धन के दुरुपयोग का ये ज्वलंत उदाहरण है। विभाग के उच्चाधिकारियों के सही ढंग से निगरानी न करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। रानीपुर टाइगर रिजर्व के मानिकपुर वन परिक्षेत्र के कल्याणपुर में ये चौकी बनी है। मरम्मत के नाम पर जमकर लूट की गई है।

## सहखातेदार भूमि पर जबरियां कर रहा निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के भंभई गांव के केदारनाथ, देवराज, बृजगोपाल पुत्र गिल्ली ने कर्वी कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि बनकट गांव में उनकी भूमि संख्या 791 रकबा 0.283 हे भूमि झगडू आदि के सहखातेदारी में है। मौके पर काबिज हैं। वे भंभई गांव में रहते हैं, जो बनकट से दस किमी दूर हैं। देखरेख को वे प्रतिदिन नहीं आ पाते। नाजायज लाभ उठाकर सहखातेदार माता प्रसाद, शिवप्रसाद व मइयादीन पुत्र कोदूराम बनकट कुशवाहा पुरवा उनकी गैरहाजिरी का लाभ उठाने की गरज से निर्माण सामग्री ईंटा, बालू मंगाकर उनके हिस्से की भूमि पर निर्माण कर रहा है। उन्होंने 20 अगस्त को मना किया तो वे फसाद पर आमादा हो गये। भूमि पर जबरियां निर्माण की धमकी देने लगे। शुक्रवार से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सहखाते की भूमि में उक्त लोगों को निर्माण कार्य से रोका जाये। ऐसा न होने पर उनकी हकतलफी होगी।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र के ऊंचाडीह गांव के मजरा चमरौंहा में शिवकुमारी (45) पत्नी रमेश कोल को शुक्रवार को सवेरे घर में सर्प ने काट लिया। झाड़फूंक करवाने के बाद इलाज को मानिकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका के दो पुत्र व एक पुत्री है। परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है।

# बटखुरा गौशाला में 25 गायों की मौत

### मरी गायों में कोई टैग न होने की कह रहे बात

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के लौढिया माफी के मजरा बटखुरा में गौशाला में बुधवार को 25 गायों की मौत हो गई। पिछले 15 दिन से एक जगह बंद गायों को चारा-भूसा नहीं दिया गया। प्रधान ने गायों को जेसीबी मशीन बुलाकर वहीं गड्ढा खोदकर गौशाला के बगल में दफना दिया है। लेखपाल अजय दिनकर मौके पर जांच को गये। वह खानापूरी कर लौट आये हैं। कहा कि वहां बद्बू से सिर फटा जा रहा है। जांच में उनके साथ एडीओ पंचायत व सहायक भी गये थे। जांच आख्या भेज दी है। गौवंशों की हत्या का जिम्मेदार कौन है।

ये जानकारी पडोसी दशरथ यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रधान गौशाला की सही ढंग से देखरेख नहीं करता। गौवंशों को चारा-भूसा कुछ नहीं देता। 15 दिनों से गौवंशों बिना चारा-भूसा के मार डाला। बुधवार को 25 गायों की मौत होने पर जेसीबी बुलवाकर गौशाला के बगल में दफना दिया है। इस मामले की शिकायत पर जांच को गये लेखपाल अजय दिनकर भी मरे गौवंशों की बद्बू से जांच की औपचारिकता पूरी कर लौट गये हैं। प्रधान के भय से कोई ग्रामीण मुंह नहीं खोलते। पडोसी राजकरण ने भी गौवंशों की मौत की पुष्टि की है। गौशाला की देखरेख करने वालों को प्रधान कोई भुगतान नहीं देता तो देखरेख कौन करे। ग्रामीण राजकरण ने बताया कि गाय मरी हैं। गायों में कोई टैग नहीं था। किस गौशाला की हैं या ग्रामीण की है। कोई सबूत न होने से कुछ कहना मुश्किल है। कल तमाम अधिकारीगण आये थे।



बटखुरा गौशाला में मरी पडी गाय व जेसीबी।

### प्रधान पुत्र कर रहा मनमानी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के हनुवा गांव में भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। एसएलडब्लू के तहत चयनित गांव में भीषण गंदगी का अंबार लगा है। प्रधान को प्रधानी करने की फुरसत नहीं है। प्रधान पुत्र प्रधानी कर रहा है। योगी सरकार की छवि धूमिल कर रहा है। सपा मानसिकता से गांव में कार्य कर रहा है। गांव की गौशाला बद से बद्तर दशा में पहुंच गई है। गौशाला में गौवंश कीचड़ में फंसे रहते हैं। गौवंशों को चूनी-चोकर छोडें, पेट भर भूसा तक नहीं मिलता। भ्रष्टाचार में प्रधान पुत्र लिप्त हैं।

### एलआईयू टीम ने परीक्षा केन्द्रों की जांची सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू टीम ने पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को सुरक्षा के लिहाज से जिले के छह परीक्षा केंद्रों में जांच की। परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर जांच की।

## दो के कब्जे से 43 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। शुक्रवार को पहाडी थाने के दरोगा किशन कुमार ने सिपाही आनन्द प्रताप, सचिन यादव, महिला सिपाही गुड़िया सिंह के साथ राजकरन पुत्र सुन्दर भंभौर के कब्जे से 23 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

इसी क्रम में बरगढ थाने के दरोगा राधेश्याम सिंह ने सिपाही संजीव कुमार के साथ इबराज पुत्र जुम्मन खां छोटा इमामबाड़ा कस्बा बरगढ़ के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों पर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# खडे ट्रक से स्कूटी टकराई, युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बे के वार्ड 12 कृष्णानगर का गुलफाम अली (22) शाम साढे सात बजे घर से स्कूटी लेकर पनीर की सब्जी लेने कर्वी रोड के ढाबा गया था। लौटते समय बारिश से स्कूटी फिसलने से अज्ञात ट्रक से टकराने से वह गंभीर घायल हो गया। उसके साथ बैठे दो लड़के भी घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया। ये हादसा गुरुवार को शाम साढे सात बजे हुआ। बताया गया कि राजापुर कस्बे के मोहम्मद अली का चैथा पुत्र गुलफाम अली 25 अगस्त को दो दोस्तों के साथ कर्वी रोड के ढाबे से पनीर लेने गया था। लौटते समय बारिश से स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। खड़े ट्रक से टकराने से गुलफाम को गंभीर चोंट आने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने प्रयागराज रेफर कर दिया। दोस्त उदय रैकवार व बच्चा अग्रहरि को इलाज बाद घर भेज दिया। घायल गुलफाम अली को स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया। 29 अगस्त को सवेरे सात बजे उसने दम तोड दिया। पिता की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम हुआ। परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के पिता मोहम्मद अली ने बताया कि पांच बेटों में चैथे नंबर का था। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह ने कहा कि मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो।

### दहेज हत्या में दो वांछित दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने सिपाही सतीश यादव, संदीप लोधी, महिला सिपाही प्रीति पाठक के साथ दहेज एक्ट में वांछित रामनिहोर पुत्र स्व नत्थू व मैकी पत्नी रामनिहोर रेही पुरवा मजरा इटखरी को गिरफ्तार किया।

### ईसी एक्ट वारंटी दबोचा

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में दरोगा राजोल नागर की टीम ने ईसी एक्ट वारंटी बुद्धिलाल पुत्र जगन्नाथ गांधीनगर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा राजोल नागर व सिपाही भास्कर शुक्ला शामिल रहे।

# टप्पेबाज ने वृद्धा के लूटे जेवर

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर कस्बे की घनी आबादी व जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों को धता बताते हुए शातिर टप्पेबाज ने वृद्ध महिला के पचास हजार रुपये के जेवरात दिन-दहाड़े उतरवाकर चंपत हो गये। वृद्ध महिला ने थाने में तहरीर दी है।

बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे नगर पंचायत वार्ड दो काशीनगर पराको कुसियापुरवा की रामसवारी पत्नी राममनोहर घर से दस बजे पासबुक लेकर आर्यावर्त बैंक मझगवां जा रही थी। शातिर टप्पेबाज सरांय तलैया चैराहे पर वृद्ध महिला को नानी कहकर हाथ पकड़कर बैंक न ले जाकर गुड़ मंडी बन्दरहाई गली ले गया। कहने लगा कि सूखा व वृद्धा पेंशन का पैसा आया है। महिला झांसे में उसके साथ चली गई।

महिला कुछ समझ पाती कि वार्ड 15 तुलसीनगर आर्यावर्त बैंक के पास गली में ले गया। पहचान को कागज मांगे। वृद्धा ने पांच सौ ग्राम का बिछुआ, चांदी के दो चुरवा उतरवाकर ले गया। वृद्धा कई घंटे तक गली में बैठी रही। उसके न आने पर नगर पंचायत वार्ड दस कालिन्दीनगर नहर स्थित पशु बाजार पुत्री लक्ष्मीनिया के पास गई। बताया कि नाती उसे सरांय तलैया में ले जाकर करधनी व चुरवा लेकर चला गया है। पुत्री ने कहा कि वह यहां पर है। तब समझ में आया कि शातिर टप्पेबाज ने घटना अंजाम दी है। वृद्धा ने राजापुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। फुटेज में दिख रहा है कि एक व्यक्ति वृद्धा का हाथ पकड़कर लिये जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जल्द शातिर टप्पेबाज को पकड़ा जायेगा।



टप्पेबाजी की शिकार वृद्धा।

## रिजर्व बैंक कार्यशाला में 60 बैंकर्स ने लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ ने सूक्ष्म-लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्त पोषण को जिले के बैंकर्स की क्षमतावर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न बैंकों से 60 बैंकर्स ने हिस्सा लिया।

शुक्रवार को कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक महाप्रबंधक श्रीमती सोनाली दास, उप महाप्रबंधक राकेश दुबे, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ प्रयागराज, जिला अग्रणी प्रबंधक इंडियन बैंक, एसबीआई, आर्यावर्त बैंक के अधिकारी मौजूद रहे। श्रीमती सोनाली दास ने प्रतिभागियों को देश के विकास में एमएसएमई वित्तपोषण महत्व व एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने में बैंकरों की भूमिका पर जोर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों व अतिथि व्याख्याताओं ने सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम बाबत विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र लिये।




कार्यशाला में बोलते रिजर्व बैंक महाप्रबंधक।

# प्रसूताओं को देते रहें भुगतानः डीएम

### डीएम ने राजापुर सीएचसी का किया औचक मुआयना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ओपीडी, स्टाफ रूम, औषधि भंडार, 30 सैया युक्त मातृ शिशु वार्ड, पीएनसी केएमसी वार्ड, लेबर रूम, सेमी प्राइवेट वार्ड, आईसीयू, जेएसवाई, प्रसव कक्ष रजिस्टर, एडमिशन रजिस्टर देखा। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में अन्य व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि दवाओं के भंडार से बांटते रहे। प्रसव कक्ष निरीक्षण दौरान निर्देश दिये कि जो बच्चे पैदा होते हैं, टीकाकरण रजिस्टर सही रखें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चा पैदा होने के बाद दिये जाने वाले भुगतान देते रहें। सीएमओ को निर्देश दिये कि अस्पताल में व्यवस्था व रजिस्टर सही रखें। किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। अस्पताल में साफ-सफाई रखें। इस मौके पर सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर प्रभारी प्रमोद कुमार समेत फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।



### शव को कब्र से निकलवाकर भेजा गया पोस्टमार्टम हाउस

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर एसडीएम सदर उदयभान सिंह एवं सीओ सिटी शिवनारायण के मौजूदगी में थाना अंतू प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने अपने पुलिस टीम के साथ अंतू थाना क्षेत्र के रघाईपुर गांव में मृतक रिंकू वर्मा पुत्र कल्लू वर्मा का शव दस दिन बाद कब्र से खुदवा कर बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बता दें कि मृतक के परिजनों को पूर्व के पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भरोसा नहीं था और परिजन शव को खुदवा कर निष्पक्षता ईमानदारी से पोस्टमार्टम करने की मांग कर रहे थे। मृतक के पिता का कहना है कि मेरे बेटे की हत्या करने वाला मुझको भी धमकी देता है

# विदेश संदेश

## शेख हसीना के जाते ही बंगाल की खाड़ी पर कब्जे की जंग, अमेरिका और चीन चल रहे दांव

**ढाका: बांग्लादेश** में अंतरिम सरकार बनने के बाद भी राजनीतिक अस्थिरता के जल्द ठीक होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। हालांकि, अंतरिम सरकार का गठन हुए महीना भी नहीं बीता है। ऐसे में उसके बारे में आकलन करना जल्दबाजी है। कार्यवाहक सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस का बदलाव का वादा प्रदर्शनकारियों के मूड से मेल खाता है लेकिन बांग्लादेश की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से देश लगातार अराजकता की चपेट में है। आरक्षण के मुद्दे पर नाराज छात्रों के पीछे लगकर बांग्लादेश के कट्टरपंथियों की जमात ने आंदोलन को हाईजैक कर लिया। शेख हसीना के जाने के बाद इन सबको खुली छूट मिल गई, जिसका परिणाम लूट, आगजनी, बर्बरता और हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले के रूप में सामने आया।




मोहम्मद यूनुस ने सामान्य स्थिति को बाहर करने का वादा किया लेकिन उसका कहीं असर नहीं दिखाई दिया है। हां, हिंसा का रूप बदल गया है, लेकिन हिंदुओं और भारत के खिलाफ दुश्मनी पहले की तरह ही है। मोहम्मद यूनुस का इस्तेमाल केवल मीडिया को दिखाने के लिए है। बांग्लादेश में इस राजनीतिक उथल-पुथल में अमेरिका और चीन का हस्तक्षेप साफ है। शेख हसीना पहले ही अमेरिका के हस्तक्षेप और सेंट मार्टिन द्वीप में अमेरिकी दिलचस्पी का जिक्र कर चुकी हैं। हालांकि, चीन आलोचना की नजर से बच गया है।

बंगाल की खाड़ी में वर्चस्व की जंग

बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बाद अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-चीन की प्रतिद्वंद्विता बंगाल की खाड़ी तक पहुंच गई है। देश को अस्थिर करने के लिए कट्टरपंथियों का उदय का बांग्लादेश में सतही हलचल है। यह अमेरिका और चीन से जुड़े हितों के टकराव की ओर इशारा करता है। बंगाल की खाड़ी के पानी पर ऐतिहासिक रूप से भारत का गहरा नियंत्रण है। वहीं, चीन और उसके विस्तारवादी रवैये को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी स्थिर उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहता है।

अमेरिका के लिए बंगाल की खाड़ी में मौका बांग्लादेश की अस्थिरता ने अमेरिका के लिए बंगाल की खाड़ी में प्रवेश का मौका दिया है। मोहम्मद यूनुस के अमेरिकी तंत्र से रिश्ते छिपे नहीं है। इसने अमेरिका के लिए उम्मीद बढ़ाई है। इससे क्षेत्र में चीनी कूटनीति को कम किया जा सकेगा। यहां तक स्थिति अच्छी दिखाई देती है लेकिन इतिहास में भारत के साथ किया अमेरिका का व्यवहार और पाकिस्तान के साथ उसकी दोस्ती आशंका के लिए मजबूत आधार भी देती है। भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को स्थिर करने के दौरान बहुत सावधानी बरतता है। रूस के साथ भारत की ऐतिहासिक दोस्ती भी इसमें एक वजह है।

चीन भी बिछा रहा जाल

बांग्लादेश संघर्ष में अमेरिकी हस्तक्षेप की चर्चा करते समय चीन की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चीन रणनीतिक रूप से बंगाल की खाड़ी में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) के माध्यम से देशों को अपने प्रभाव में लेना और फिर उनके संप्रभुता की हस्तक्षेप करना बीजिंग की नीति है।

श्रीलंका और पाकिस्तान इसके साफ उदाहरण हैं। पाकिस्तान के माध्यम से चीन अरब सागर तक पहुंचता है। बंगाल की खाड़ी के लिए अधिकांश तटीय राज्य मुख्य रूप से इसके बीआरआई विस्तारवादी जाल में फंस गए हैं।

## पाकिस्तान अपनी कमी छुपाने को हम पर दोष ना डालें... टीटीपी पर तालिबानी सेना प्रमुख ने खोली पोल

**काबुल: अफगानिस्तान** की सत्ता पर काबिज तालिबान की सेना ने पाकिस्तान के टीटीपी को पनाह देने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। तालिबान सेना के चीफ ऑफ स्टाफ फसीहुद्दीन फितरत ने कहा है कि पाकिस्तान ने ऐसा कोई सबूत नहीं दिया है, जिससे पता चलता हो कि अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की मौजूदगी है। उन्होंने कहा कि टीटीपी के लोग पाकिस्तान में ही हैं और पाक की सरजमीं से ही अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं ना कि अफगानिस्तान से उनके लोग हमले करते हैं। फसीहुद्दीन का ये बयान इसलिए अहम है क्योंकि पाकिस्तान की सेना और सरकार ने लगातार ये कहा है कि उनकी जमीन पर आतंकी हमलों को अंजाम देने वाले टीटीपी के लोग अफगानिस्तान में पनाह पा रहे हैं।

अफगानिस्तान इंटरनेशवल की रिपोर्ट के मुताबिक, फसीहुद्दीन ने कहा है कि टीटीपी पाकिस्तान के भीतर के क्षेत्रों में ही नियंत्रित रखता है और वहीं से अपने अभियानों की योजना बनाकर उन्हें अंजाम देता है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि टीटीपी नाम का ये गुट अफगानिस्तान में मौजूद है या यह अफगान धरती से पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान चलाता है। सभी समझते हैं कि पाकिस्तान में ही टीटीपी के अड्डे हैं, जहां से वह पाकिस्तानी सैनिकों और सरकार पर हमले करता रहता है।'



'अपनी गलती हमारे सिर ना मढ़े पाकिस्तान'

फितरत ने जोर देते हुए कहा कि तालिबान टीटीपी को अफगान क्षेत्र से पाकिस्तान के खिलाफ अभियान चलाने की इजाजत नहीं देता है। पाकिस्तान इस संबंध में जो कहता है, उसका कोई आधार नहीं है। हमें लगता है कि पाकिस्तान को बार-बार अपनी कमियों का दोष अफगानिस्तान पर नहीं मढ़ना चाहिए। हम पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करते हैं कि टीटीपी को हमारी जमीन से वित्त पोषित किया गया है।

अफगानिस्तान में आईएसआईएस की गतिविधियों से जुड़ी रिपोर्ट पर फितरत ने कहा कि उनके देश में आईएसआईएस की कोई उपस्थिति नहीं है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि आईएसआईएस कुछ क्षेत्रों में विनाशकारी अभियान चला सकता है लेकिन यह अफगानिस्तान में नहीं है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में आईएसआईएस की मौजूदगी पूरी तरह से झूठी और निराधार है।

## अमेरिका के बाद यूएन की खुफिया रिपोर्ट... क्या ईरान जल्दी ही बनने जा रहा है परमाणु संपन्न देश!

**विएना: संयुक्त** राष्ट्र ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में अपनी चिंता को जाहिर किया है। यूएन की परमाणु निगरानी संस्था की गुरुवार को आई गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने अंतरराष्ट्रीय नियमों को ना मानते हुए अपने यूरेनियम के भंडार को वेपन ग्रेड लेवल (परमाणु बनाने के लिए पर्याप्त भंडार) तक बढ़ा लिया है। एपी ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि 17 अगस्त तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम का 164.7 किलोग्राम (363.1 पाउंड) भंडार है। मई में आईएईए की अंतिम रिपोर्ट के बाद से यह 22.6 किलोग्राम (49.8 पाउंड) की वृद्धि है। ईरान ऐसा करने वाला इकलौता गैर-परमाणु हथियार वाला देश है। करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका की हाउस इंटेलिजेंस कमेटी की एक खुफिया कमेटी की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि ईरान इस साल के आखिर तक खुद को परमाणु हथियार संपन्न देश घोषित कर सकता है।

## तोप और टैंक के गोले, आरडीएक्स...

**ढाका: मोहम्मद** यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान से गोला बारूद की बड़ी डील की है। बांग्लादेश ने गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए पाकिस्तान से डील की है। ट्रिब्यून ने सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि बांग्लादेश से हजारों राउंड गोला-बारूद का ऑर्डर तीन चरणों में दिया जाना है, ये चरण सितंबर से शुरू होंगे। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान बांग्लादेश को गोला-बारूद की आपूर्ति कर रहा है लेकिन इस दफा काफी बड़ी तादाद में आपूर्ति होनी है। इस गोला-बारूद का इस्तेमाल तोपों में किया जाना है जो 30 किलोमीटर से 35 किलोमीटर के बीच के लक्ष्यों पर फायर कर सकती हैं।



पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (ढडत्र पीओएफ) बोर्ड के निर्यात प्रभाग ने उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने सभी कारखानों को ऑर्डर की सूची भेज दी है। पीओएफ की ओर से हवेलियन, संजवाल और गडवाल में विभिन्न प्रभागों के प्रबंध निदेशकों को भेजे गए पत्र में पाकिस्तान से बांग्लादेश को सैन्य निर्यात का विवरण दिया गया है। निर्यात सितंबर के पहले सप्ताह से शुरू होकर दिसंबर में खत्म होने वाले तीन शिपमेंट में किया जाना है।

बांग्लागेश को इस सौदे में पाकिस्तान से 40,000 से अधिक राउंड गोला-बारूद, 40 टन आरडीएक्स और उच्च तीव्रता वाले प्रोजेक्टाइल मिलना है। बांग्लादेश की ओर से इस ऑर्डर को नई सरकार के पाक और चीन की ओर झुकाव की तरह भी देखा जा रहा है। कई रक्षा एक्सपर्ट का मानना है कि 5 अगस्त को शेख हसीना को पीएम पद से हटाने के लिए बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों को पाकिस्तान और चीन की खुफिया एजेंसियों का समर्थन हासिल था। शेख हसीना को भारत समर्थक माना जाता रहा है।

## जापान में शानशान तूफान से तीन की मौत, 82 घायल

**टोक्यो। जापान** के कागोशिमा प्रांत में गुरुवार को आए शानशान तूफान के कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चलीं। इससे तीन लोगों की मौत हो गई और 82 घायल हो गए। एक शख?स लापता है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आइची प्रांत के गामागोरी शहर में मंगलवार को आए तूफान के कारण हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए।

समाचार एजेंसी श?िन्हुआ के अनुसार, गुरुवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5:50 बजे तक शक्तिशाली तूफान के कारण मियाजाकी और कागोशिमा प्रांतों में 79 लोग घायल हो गए, जबकि मी प्रांत में एक व्यक्ति घायल हो गया।

इस बीच, कागोशिमा के निकट 60 वर्षीय एक व्यक्ति जहाज से गिर गया और अभी भी लापता है।



शानशान तूफान स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8 बजे कमजोर हो गया। वहीं संचार सेवाएं बाधित हो गईं तथा बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हो गई।

इसके कारण क्यूशू शिंकानसेन, सैन्यो और टोकाईदो शिंकानसेन के कुछ हिस्सों की रेल सेवा स्थगित कर दी गई हैं तथा अनेक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

तूफान ने रसद और वितरण सेवाओं को भी प्रभावित किया। इसके कारण कागोशिमा और मियाजाकी में 50 से अधिक सुपरमार्केट और 900 से अधिक सुविधा स्टोर अस्थायी रूप से बंद हो गए।

गुरुवार को ही जापानी प्रधान मंत्री फूमिओ किशिदा ने एक कैबिनेट बैठक बुलाई। इसमें नागरिकों से भारी वर्षा, भूस्खलन और नदी में बाढ़ जैसे संभावित खतरों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया गया।

तूफान शानशान के शुक्रवार से धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ने तथा संभावित रूप से और अधिक व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका है। जनता को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## हमलों से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने लड़ाकू हेलिकॉप्टर से बोला हमला

**इस्लामाबाद: पाकिस्तानी** तालिबान के हमलों से पाकिस्तान की सेना बौखला गई है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान की सीमा से लगी खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में हवाई हमला बोल दिया है। टीटीपी चरमपंथियों के खिलाफ हेलिकॉप्टर से बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चल रहा है। हवाई हमलों में लश्कर-ए-इस्लाम और टीटीपी के गढ़ों को नष्ट कर दिया गया है। पाकिस्तानी सेना का अभियान अभी भी जारी है, जिसमें विशेष बलों, हवाई हमला करने वाली यूनिट के साथ ही पैदल सेना के जवानों को भी तैनात किया गया है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के चरमपंथियों ने इस साल की शुरूआत से अब तक पाकिस्तान के भीतर बड़े पैमाने पर हमले किए हैं।

बलूचिस्तान में भी अभियान

पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में भी सैन्य अभियान चलाकर पांच विद्रोहियों को मारने का दावा किया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा है कि 26 अगस्त को बलूचिस्तान में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर की गई कायराना आतंकवादी गतिविधियों के जवाब में सुरक्षा बल अपराधियों की तलाश के लिए व्यापक खुफिया आधारित अभियान चला रहे हैं। इसमें आगे कहा गया कि 29-30 अगस्त की रात को केच, पंजगुर और झोब में तीन अभियानों में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि तीन आतंकवादी भीषण गोलीबारी के दौरान घायल हो गए।



पाकिस्तान लंबे समय से कहता रहा है कि टीटीपी चरमपंथियों के ठिकाने अफगानिस्तान के अंदर मौजूद हैं और इसके लड़ाके पाकिस्तानी जमीन पर हमला करने के बाद वहां चले जाते हैं। हालांकि, काबुल की तालिबान सरकार ने इस दावे का हमेशा खंडन किया है। बुधवार को ही काबुल में तालिबान सरकार के सेना प्रमुख फसीहुद्दीन फितरत ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी की मौजूदगी का कभी सबूत नहीं दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामाबाद को अपनी कमजोरियों के लिए अफगानिस्तान को दोष नहीं देना चाहिए।

पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे चीनी सेना के कमांडर, लद्दाख से लेकर कश्मीर के हालात पर की बात

अफगान सेना प्रमुख ने किया दावा

फितरत ने दावा किया कि हर कोई जानता है

कि टीटीपी के ठिकाने पाकिस्तान के प्रशासनिक नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित थे और वे वहां से पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी साबित नहीं कर सकता कि टीटीपी के अफगानिस्तान में ठिकाने हैं। इस्लामिक अमीरात ने वादा किया है कि अफगान धरती से अन्य देशों पर कोई हमला नहीं किया जाएगा और वह उस वादे पर कायम है।

अफगान सेना प्रमुख का बयान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की टिप्पणी के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अब इस बात में कोई संदेह नहीं रह गया है ।

## पीओके की महिला ब्लॉगर पर अल्लाह के अपमान का आरोप

**मुजफ्फराबाद: पाकिस्तान** के कब्जे वाले कश्मीर (ढडङ) में एक महिला ब्लॉगर को बलात्कार के खिलाफ कविता शेयर करना भारी पड़ गया। महिला ब्लॉगर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर उसे जेल में डाल दिया गया है। कोलकाता में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या का मामला पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में सुर्खियों में बना हुआ है। पीओके में रहने वाली ब्लॉगर अस्मा बतूल ने इसी मामले को लेकर दक्षिण एशियाई



देशों में महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न पर सलमान हैदर की एक कविता साझा की थी। बतूल ने फेसबुक पर जो कविता शेयर की है, उसमें लिखा है कि 'खुदा, भगवान या ईश्वर सब मौजूद थे, जब बलात्कार हुआ।'

इस कविता से पाकिस्तान की सरकार की तरफ से पाले जा रहे कट्टरपंथियों को आग लग गई। इसके अलावा वह इंस्टाग्राम पर एक और कविता सुनाती नजर आ रही हैं, जिसका शीर्षक है- तुम्हारा देश मेरे जैसा ही है। धार्मिक मौलवियों ने अल्लाह का अपमान करने के आरोप में बतूल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी, जिसके बाद पुलिस ने बतूल को ईशनिंदा करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। पाकिस्तान में इस्लाम की आलोचना करना अपराध है और इसका सजा मौत तक है।

## बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी से दोस्ती हो सकती है भारत के लिए कांटों का ताज...

**ढाका: बांग्लादेश** में शेख हसीना की सरकार जाने के बाद बड़ी ताकत बनकर उभरी जमात-ए-इस्लामी ने भारत के साथ संबंध सुधारने के संकेत दिए हैं। जमात की ओर से मिले सकारात्मक संदेशों के बावजूद भारत जमात को संदेह के साथ देख रहा है। इसकी वजह जमात का इतिहास है, जिससे ये संकेत मिलता है कि उसके साथ दोस्ती में भारत को कई जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले छह दशकों में जमात की भारत विरोधी गतिविधियों की वजह से संगठन पर भरोसा करना नई दिल्ली के लिए आसान नहीं है। एक्सपर्ट मानते हैं कि बांग्लादेश की राजनीति में पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) का उभार भारत के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जमात की भूमिका बांग्लादेश के बनने के पहले से ही भारत के पक्ष में नहीं रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमेजन के जंगल से निकले ओरोपोचे वायरस ने उड़ाई दुनिया की नींद, अभी तक ना टीका ना इलाज

**वॉशिंगटन: अमेरिका स**मेत दुनिया के कई हिस्सों में फैल रहे ओरोपोचे वायरस ने हेल्थ एक्सपर्ट की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अमेरिका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी है कि क्यूबा से लौटने वाले 20 से ज्यादा लोग हाल के दिनों में ओरोपोचे वायरस से संक्रमित हुए हैं, जिसे स्लोथ फीवर भी कहा जाता है। ये एक ऐसा वायरस है, जिससे संक्रमित होने पर कोई इलाज नहीं है। ये रहस्यमय वायरस कुछ समय पहले तक मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका में अमेजन बेसिन तक सीमित था लेकिन आनुवंशिक परिवर्तनों के बाद अब अमेरिका के आसपास और यूरोप में भी फैल रहा है। खासतौर से 2023 के अंत से इस वायरस ने तेजी से फैलना शुरू किया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल यानी 2024 के पहले सात महीनों के दौरान पांच देशों में इस बीमारी के 8,000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इस वायरस को हाल ही में ब्राजील में दो महिलाओं की मौत की वजह भी माना गया है। कीड़ों के काटने से फैलने वाले ओरोपोचे के मामलों में तेजी के चलते यूनाइटेड स्टेट्स सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने अमेरिका में डॉक्टरों के लिए गाइडलाइन जारी की है। यूरोप में वायरस के पहले मामले जून और जुलाई 2024 में उन यात्रियों में पाए गए जो ब्राजील और क्यूबा की यात्रा के दौरान संक्रमित हुए थे।

ओरोपोचे वायरस क्या है और क्यों बन रहा है चिंता का कारण?



ओरोपोचे दक्षिण अमेरिका के अमेजन क्षेत्र का एक वायरस है, जो कीड़ों के काटने से फैलता है। यह कई अलग-अलग कीड़ों के अलावा हाउलर बंदरों, मामोर्सेट और कई जानवरों में पाया जाता है। यह वायरस इंसानों में बुखार की वजह बनता है। ओरोपोचे तब फैलता है जब किसी व्यक्ति या जानवर को वायरस संक्रमित कीड़ा काट लेता है। ऐसा माना जाता है कि यह वायरस सबसे ज्यादा पिनहेड आकार की मिज प्रजाति क्यूलिकोइड्स पैराएन्सिस से फैलता है, जो अमेरिका में काफी पाए जाते हैं। इसके अलावा यह वायरस क्यूलेक्स क्विनक्यूफैसियाटस और ओक्लेरोटेटस सेराटस मच्छरों के काटने से भी फैल सकता है। हालांकि इस वायरस के इंसान से इंसान में फैलने की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

ये वायरस जैसे ही शरीर के अंदर जाता है तो फिर खून के साथ तेजी से पूरे शरीर में फैल जाता है। यह विशेष रूप से मस्तिष्क और यकृत दोनों के भीतर जमा होता है। इस वायरस में आरएनए नाम का आनुवंशिक सामग्री का एक कतरा होता है जो एक सुरक्षात्मक प्रोटीन खोल के भीतर समाहित होता है। ऐसा माना जाता है कि यह रक्तप्रवाह में फागोसाइट्स के रूप में जानी जाने वाली प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर जाता है, जिससे यह शरीर में कोशिकाओं को संक्रमित करता है।

कहां से आया है ओरोपोचे वायरस

ओरोपोचे वायरस का नाम उस गांव से लिया गया है, जहां इससे संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया था। 1955 में त्रिनिदाद और टोबैगो के वेगा डी ओरोपोचे में बुखार से पीड़ित 24 वर्षीय शख्स में इस वायरस को पाया गया था। इसके बाद से इसे ओरोपोचे नाम दे दिया गया। इसके बाद से लगातार इस वायरस की वजह से ब्राजीलियाई अमेजन में लोग संक्रमित होते रहे हैं। 1980 के दशक से पनामा, पेरू और इक्वाडोर में इस वायरस का प्रकोप बढ़ गया। 2000 के बाद सेबोलीविया, कोलंबिया, इक्वाडोर और फ्रेंच गुयाना में भी इस वायरस के मामले दर्ज होने लगे। इस वायरस के हालिया मामलों की बात करें तो 2023 के अंत में अमेजन बेसिन और दक्षिण अमेरिका के नए क्षेत्रों में इसका प्रकोप बढ़ने लगा। इसके बाद जून 2024 में क्यूबा ने वायरस के मामलों की पुष्टि की।